# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2015
# सी-सैट
## द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल
## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**Directions for the following 8 (eight) items :**

**Read the following six passages and answer the items that follow. Your answers to these items should be based on the passages only.**

**निम्नलिखित 8 (आठ) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित छह परिच्छेदों को पढ़िए और उनके नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।**

### Passage-1

Human history abounds in claims and theories confining the right of governing to a few select citizens. Exclusion of the many is justified on the ground that human beings may be rightfully segregated for the good of society and viability of the political process.

### परिच्छेद-1

मानव इतिहास ऐसे दावों और सिद्धान्तों से भरा पड़ा है, जो शासन करने का अधिकार केवल कुछ चुनिंदा नागरिकों तक सीमित करते हैं। अधिकांश लोगों को इसमें शामिल न करना इस आधार पर न्यायोचित ठहराया गया है कि मानव को, समाज की भलाई और राजनीतिक प्रक्रिया की व्यवहार्यता के लिए, न्यायसंगत रूप से पृथक्कृत किया जा सकता है।

**1. Which one of the following statements is *least essential* as a part of the argument in the above passage?**

(a) Man seeks control over external things affecting him.

(b) In society, there are `super' and `sub' human beings.

(c) Exceptions to universal citizen participation are conducive to systemic efficacy.

(d) Governing implies recognition of disparities in individual capacities.

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, उपर्युक्त परिच्छेद में युक्ति (आर्गुमेंट) के एक अंश के रूप में *न्यूनतम आवश्यक* है?**

(a) मानव, उसे प्रभावित करने वाली बाह्य वस्तुओं पर नियंत्रण पाने का प्रयास करता है।

(b) समाज में, 'अधिमानव (सुपरह्यूमन)' और 'अवमानव (सबह्यूमन) होते हैं।

(c) सर्वजनीन नागरिक भागीदारी में अपवाद, पूरे तंत्र की क्षमता के लिए सहायक हैं।

(d) शासन करने में यह मान्यता निहित है कि अलग-अलग व्यक्तियों की क्षमताओं में असमानताएँ होती हैं।

**उत्तर—(a)**

**व्याख्या**—न्यूनतम आवश्यकता का अर्थ है—लगभग आवश्यकता नहीं होना। लेखक का विचार है कि बहुतों के अधिकार पर कुछ को वरीयता दिया जाना न्यायसंगत होगा। इससे स्पष्ट होता है कि विकल्प (b), (c) एवं (d) उक्त तर्क से संबंध रखते हैं किन्तु (a) नहीं। अतः सही उत्तर (a) होगा।

### Passage-2

By 2050, the Earth's population will likely have swelled from seven to nine billion people. To fill all those stomaches—while accounting for shifting consumption patterns, climate change, and a finite amount of arable land and potable water—some experts say food production will have to double. How can we make the numbers add up? Experts say higher yielding crop varieties and more efficient farming methods will be crucial. So will waste reduction. Experts urge cities to reclaim nutrients and water from waste streams and preserve farmland. Poor countries, they say, can improve crop storage and packaging and rich nations could cut back on resource-intensive foods like meat.

### परिच्छेद-2

वर्ष 2050 तक, पृथ्वी पर जनसंख्या संभावित रूप से सात अरब (बिलियन) से बढ़कर नौ अरब हो चुकी होगी। उन सबका पेट भरने के लिए—उपभोग के बदलते हुए प्रतिरूपों, जलवायु परिवर्तन, और कृषि-योग्य भूमि तथा पेय जल की सीमित मात्रा को ध्यान में रखते हुए—कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य उत्पादन दुगुना करना पड़ेगा। हम इसे किस प्रकार उपलब्ध कर सकते हैं? विशेषज्ञ कहते हैं कि अपेक्षाकृत अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्में तथा कृषि के अपेक्षाकृत अधिक कुशल तरीके निर्णायक होंगे। इसी प्रकार संसाधनों को कम-से-कम व्यर्थ जाने देना भी निर्णायक होगा। विशेषज्ञों का आग्रह है कि नगरों की अपशिष्ट जलधाराओं (वेस्ट स्ट्रीम्स) से पोषक-तत्त्वों और जल को पुनः प्राप्त किया जाए, एवम् कृषि भूमि का संरक्षण करें। वे कहते हैं कि निर्धन राष्ट्र अपने फसल का भंडारण एवं पैकेजिंग में सुधार कर सकते हैं और समृद्ध राष्ट्र मांस जैसे संसाधन-सघन (रिसोर्स-इन्टेंसिव) खाद्यों में कटौती कर सकते हैं।

**2. Which one of the following statements *best sums up* the above passage?**

(a) The population of the world is growing very fast.

(b) Food security is a perennial problem only in developing countries.

(c) The world does not have enough resources to meet the impending food scarcity.

(d) Food security is increasingly a collective challenge.

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, उपर्युक्त परिच्छेद का *सर्वोत्तम सारांश रूप* प्रस्तुत करता है?**

(a) विश्व की जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है।

(b) खाद्य सुरक्षा केवल विकासशील देशों में ही एक चिरस्थायी समस्या है।



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(c) खाद्य के सन्निकट अभाव को पूरा करने के लिए विश्व के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है।

(d) खाद्य सुरक्षा एक लगातार बढ़ती हुई सामूहिक चुनौती है।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**गद्यांश में लेखक उपभोग के बदलते हुए प्रतिरूपों, कृषि योग्य भूमि तथा कृषि के समयानुकूल सुधार व विकास की बात के माध्यम से बता रहा है कि खाद्य सुरक्षा एक लगातार बढ़ती हुई सामूहिक चुनौती है।

## Passage-3

Many people in India feel that if we cut our defence expenditure on weapon-building, we can create a climate of peace with our neighbours, subsequently reducing the conflict or creating a no-war situation. People who proclaim such ideas are either the victims of war or the propagators of false argument.

## परिच्छेद-3

भारत में अनेक लोगों का यह विचार है कि यदि हम शस्त्र-निर्माण पर अपने रक्षा व्यय को कम कर दें, तब हम अपने पड़ोसियों के साथ शांति का वातावरण बना सकते हैं, जिससे उत्तरोत्तर संघर्ष कम होगा अथवा युद्ध-मुक्त स्थिति बनेगी। जो लोग इस प्रकार के विचार घोषित करते हैं, वे या तो युद्ध पीड़ित हैं अथवा मिथ्या तर्क फैलाने वाले हैं।

**3. With reference to the above passage, which of the following is the *most valid assumption*?**

(a) Building of weapons systems by us has instigated our neighbours to wage wars against us.

(b) The greater spending on weapon-building by us would lessen the possibility of armed conflict with our neighbours.

(c) It is necessary to have state of the art weapons systems for national security.

(d) Many people in India believe that we are wasting our resources on weapon-building.

**उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी एक *सर्वाधिक वैध पूर्वधारणा (अजम्पशन)* है?**

(a) हमारे शस्त्र-प्रणालियों के निर्माण से हमारे पड़ोसी हमारे विरुद्ध युद्ध के लिए उत्तेजित हुए हैं।

(b) हम शस्त्र-निर्माण पर जितना अधिक व्यय करेंगे, हमारे पड़ोसियों के साथ सशस्त्र संघर्ष की संभावना उतनी ही कम होगी।

(c) राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि हमारे पास अत्याधुनिक शस्त्र-प्रणालियाँ हों।

(d) भारत में अनके लोगों का विश्वास है कि हम शस्त्र-निर्माण में अपने संसाधनों का अपव्यय कर रहे हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**गद्यांश में प्रतिरक्षा व्यय पर तर्क को नकारा गया है जिनका अर्थ है कि ऐसी मान्यता एवं विश्वास होने चाहिए कि शस्त्र निर्माण पर अधिक व्यय हमारे पड़ोसियों के साथ लक्षित युद्ध को टालने में एक बड़े रोधक का कार्य कर सकता है।

## Passage-4

India accounts for nearly a fifth of the world's child deaths. In terms of numbers, it is the highest in the world–nearly 16 lakhs every year. Of these, more than half die in the first month of life. Officials believe that the reason for this is the absence of steps to propagate basic health practices relating to breast feeding and immunisation. Also the large reproductive population of 2.6 crore remains bereft of care during the critical phases of pregnancy and post-delivery. Added to this is the prevalence of child marriages, anaemia among young women and lack of focus on adolescent sanitation, all of which impact child death rates.

## परिच्छेद-4

विश्व की बाल मृत्यु में लगभग पाँचवाँ भाग भारत का है। संख्या के आधार पर, यह दुनिया में सर्वाधिक बाल मृत्यु है–लगभग 16 लाख प्रति वर्ष। इनमें से, आधे से अधिक की जीवन के प्रथम मास में ही मृत्यु हो जाती है। जैसा कि अधिकारियों का विश्वास है, इसका कारण यह है कि स्तनपान और प्रतिरक्षीकरण (इम्यूनाइजेशन) से संबंधित आधारभूत स्वास्थ्य आचरणों के प्रसार के लिए कदम नहीं उठाए गए हैं। साथ ही, 2.6 करोड़ की विशाल गर्भधारण-योग्य जनसंख्या गर्भावस्था तथा प्रसव-पश्चात् के संकटपूर्ण समय के दौरान देखभाल से वंचित भी बनी रहती है। इसमें बाल विवाहों का प्रचलन, युवतियों में अरक्तता (अनीमिया) तथा किशोरावस्था की स्वच्छता पर विशेष ध्यान न होना भी शामिल है, जो सभी बाल मृत्यु दरों को प्रभावित करते हैं।

**4. Which is the *critical inference* that can be made from the above passage?**

(a) A lot of Indians are illiterate and hence do not recognize the value of basic health practices.

(b) India has a very huge population and the government alone cannot manage public health services.

(c) Universalization and integration of maternal health and child health services can effectively address the problem.

(d) The nutrition of women in child bearing age does not affect child mortality rate.

**उपर्युक्त परिच्छेद से, कौन-सा *निर्णायक अनुमान (इनफेरेंस)* निकाला जा सकता है?**

(a) बहुत से भारतीय निरक्षर हैं इसलिए आधारभूत स्वास्थ्य आचरणों का मूल्य नहीं पहचानते हैं।

(b) भारत की जनसंख्या अति विशाल है और केवल सरकार ही लोक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन नहीं कर सकती।

(c) मातृ स्वास्थ्य तथा बाल स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करने और सबको सुलभ कराने से इस समस्या को प्रभावी रूप से हल किया जा सकता है।

(d) गर्भधारण-योग्य महिलाओं का पोषण बाल मृत्यु दर को प्रभावित नहीं करता।

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**गद्यांश में लेखक बता रहा है कि बाल मृत्यु की समस्या से निपटने के लिए स्तनपान और प्रतिरक्षीकरण से संबंधित आधारभूत स्वास्थ्य आचरणों के प्रसार के लिए कदम नहीं उठाए गए हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

## Passage-5

Foods travel more than the people who eat them. Grocery stores and supermarkets are loaded with preserved and processed foods. This, however, often leads to environmental threats, such as pollution generated by long distance food transportation and wastage of food during processing and transportation, destruction of rain forests, reduced nutritional content, increased demand for preservation and packaging. Food insecurity also increases as the produce comes from regions that are not feeding their own population properly.



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

## परिच्छेद-5

खाद्य पदार्थ, उनको खाने वाले मनुष्यों की अपेक्षा, अधिक यात्रा करते हैं। किराना भंडार और सुपर बाजार परिरक्षित (प्रिजर्व्ड) और प्रसंस्कृत (प्रॉसेस्ड) खाद्य पदार्थों से भरे पड़े हैं। तथापि, प्रायः उससे पर्यावरणीय खतरे भी बढ़ते हैं, जैसे लम्बी दूरी तक खाद्य पदार्थों के परिवहन से होने वाला प्रदूषण तथा प्रसंस्करण एवं परिवहन के दौरान खाद्य पदार्थ का व्यर्थ जाना, वर्षा-प्रचुर वनों का विनाश, पोषक अंश में कमी, परिरक्षण और पैकेजिंग की बढ़ी हुई माँग। खाद्य असुरक्षा भी बढ़ जाती है क्योंकि ये उत्पाद उन क्षेत्रों से आते हैं जो अपनी जनसंख्या को उपयुक्त खाद्य पदार्थ नहीं खिला पाते।

**5. With reference to the above passage, which of the following statements is/are true?**

1. Consuming regionally grown food and not depending on long travelled food is a part of eco-friendly behaviour.
2. Food processing industry puts a burden on our natural resources.

**Select the correct answer using the code given below :**

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. क्षेत्रीय रूप से उगाए गए खाद्य पदार्थों का उपभोग करना और लंबी यात्रा से लाए गए खाद्य पदार्थों पर निर्भर न होना पर्यावरण-अनुकूली व्यवहार का एक हिस्सा है।
2. खाद्य प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) उद्योग हमारे प्राकृतिक संसाधनों (रिसोर्सेज) पर बोझ डालता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**लंबी दूरी तक खाद्य पदार्थों के परिवहन से होने वाले प्रदूषण व प्रसंस्करण तथा परिवहन के दौरान खाद्य पदार्थ का व्यर्थ जाना, वर्षा प्रचुर वनों का विनाश, पोषक अंश में कमी इत्यादि वक्तव्यों पर दृष्टि डालने से ज्ञात होता है कि विकल्प (c) सही उत्तर है।

## Passage-6

I must say that, beyond occasionally exposing me to laughter, my constitutional shyness has been of no disadvantage whatever. In fact I can see that, on the contrary, it has been all to my advantage. My hesitancy in speech, which was once an annoyance, is now a pleasure. Its greatest benefit has been that it has taught me the economy of words. I have naturally formed the habit of restraining my thoughts. And I can now give myself the certificate that a thoughtless word hardly ever escapes my tongue or pen. I do not recollect ever having had to regret anything in my speech or writing. I have thus been spared many a mishap and waste of time. Experience has taught me that silence is part of the spiritual discipline of a votary of truth. Proneness to exaggerate, to suppress or modify the truth, wittingly or unwittingly, is a natural weakness of man, and silence is necessary in order to surmount it. A man of few words will rarely be thoughtless in his speech; he will measure every word. We find so many people impatient to talk. There is no chairman of a meeting who is not pestered with notes for permission to speak. And whenever the permission is given the speaker generally exceeds the time-limit, asks for more time, and keeps on talking without permission. All this talking can hardly be said to be of any benefit to the world. It is so much waste of time. My shyness has been in reality my shield and buckler. It has allowed me to grow. It has helped me in my discernment of truth.

## परिच्छेद-6

मैं पक्के तौर पर कह सकता हूँ कि मेरे स्वाभाविक शर्मीलेपन के कारण, सिवाय यदा-कदा हास्य का पात्र बन जाने के, मेरा किसी भी तरह और कोई नुकसान नहीं हुआ। वास्तव में, आज मुझे लगता है, कि इसके विपरीत, मुझे कुछ फायदा ही हुआ। बोलने का जो संकोच मुझे पहले कष्टकर था, वह अब सुखकर है। इसका सबसे बड़ा लाभ तो यह हुआ कि इसने मुझे शब्दों की मितव्ययिता सिखाई। मुझे अपने विचारों पर काबू रखने की आदत सहज ही पड़ गई। और अब मैं खुद को यह प्रमाण-पत्र दे सकता हूँ कि मेरी जीभ या कलम से बिना विचारे शायद ही कोई शब्द निकालता हो। मुझे याद नहीं पड़ता कि अपने भाषण या लेख के किसी अंश के लिए मुझे कभी पछताना पड़ा हो। इस तरह मैं अपने खतरों से बचा हूँ और मेरा बहुत-सा समय बचा है। अनुभव ने मुझे यह सिखाया है कि सत्य के उपासक के लिए मौन उसके आध्यात्मिक अनुशासन का अंग है। मनुष्य की यह स्वाभाविक कमजोरी है कि वह जाने-अनजाने में अक्सर बढ़ा-चढ़ा कर बोलता है अथवा जो कहने योग्य है उसे छिपाता है या भिन्न रूप से कहता है। इस पर विजय पाने के लिए भी मौन आवश्यक है। कम बोलने वाला बिना विचारे न बोलेगा; अपने प्रत्येक शब्द को तौलेगा। हम देखते हैं कि बहुत से मनुष्य बोलने के लिए आतुर रहते हैं। किसी बैठक का ऐसा कोई सभापति न होगा जिसे बोलने की अनुमति मांगने वाली चिटों से परेशान न होना पड़ा हो। और जब भी बोलने का समय दिया जाता है तो वक्ता आमतौर पर समय-सीमा से आगे बढ़ जाता है, और अधिक समय की माँग करता है, और बिना इजाजत के भी बोलता रहता है। इस सारे बोलने से दुनिया का कोई लाभ हुआ हो ऐसा शायद ही कहा जा सकता है। यह समय का घोर अपव्यय है। मेरी लज्जाशीलता दरअसल मेरी ढाल और आड़ ही बनी रही। उससे मुझे परिपक्व होने का लाभ मिला। सत्य को पहचानने में मुझे उससे सहायता मिली।

**6. The author says that a thoughtless word hardly ever escapes his tongue or pen. Which one of the following is not a valid reason for this?**

(a) He has no intention to waste his time.
(b) He believes in the economy of words.
(c) He believes in restraining his thoughts.
(d) He has hesitancy in his speech.

**लेखक कहता है कि उसकी जीभ या कलम से बिना विचारे शायद ही कोई शब्द निकलता हो। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इसका वैध कारण नहीं है?**

(a) अपना समय बर्बाद करने का उसका कोई इरादा नहीं है।
(b) वह शब्दों की मितव्ययिता में विश्वास करता है।
(c) वह अपने विचारों पर काबू रखने में विश्वास करता है।
(d) उसे बोलने में संकोच होता है।

**उत्तर—(a)**

**व्याख्या—**लेखक कहता है कि उसकी जीभ या कलम से किंचित मात्र ही कोई शब्द बिना विचारे निकलता हो। क्योंकि अपने शब्द चयन, या भाषण में संतुलन अथवा विचारों पर काबू रखने पर वह खासा ध्यान देता है। इसलिए विकल्प (b), (c) एवं (d) वैध कारण और विकल्प (a) अवैध कारण है।

**7. The most appropriate reason for the author to be spared many a mishap is that**

(a) he hardly utters or writes a thoughtless word.
(b) he is a man of immense patience.



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(c) he believes that he is a spiritual person.
(d) he is a votary of truth.

**लेखक के अनेक खतरों से बचे रहने का सर्वाधिक उपयुक्त कारण क्या है?**

(a) वह बिना विचारे शायद ही कोई शब्द बोलता या लिखता है।
(b) वह अत्यंत धैर्यशाली व्यक्ति है।
(c) उसका विश्वास है कि वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति है।
(d) वह सत्य का उपासक है।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**गद्यांश में स्पष्ट तौर पर लेखक कहता है कि अब मैं खुद को यह प्रमाणपत्र दे सकता हूँ कि मेरी जीभ या कलम से बिना विचारे शायद ही कोई शब्द निकलता हो। इस तरह मैं अनेक खतरों से बचा हूँ और मेरा बहुत सा समय बचा है। अतः इस आधार पर विकल्प (a) सही उत्तर है।

**8. For the author, silence is necessary in order to surmount**

(a) constitutional shyness.
(b) hesitancy in speech.
(c) suppression of thoughts.
(d) tendency to overstate.

**लेखक के लिए, किस पर विजय पाने के लिए मौन आवश्यक है?**

(a) स्वाभाविक शर्मीलापन (b) बोलने में संकोच
(c) विचारों पर काबू रखना (d) बढ़ा-चढ़ा कर बोलने की प्रवृत्ति

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**गद्यांश में लेखक कहता है कि मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी यह है कि वह जाने अनजाने में अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर बोलता है। इस पर विजय पाने के लिये मौन आवश्यक है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**9. Twelve people form a club. By picking lots, one of them will host a dinner for all once in a month. The number of dinners a particular member has to host in one year is**

(a) One (b) Zero
(c) Three (d) Cannot be predicted

**बारह व्यक्ति अपना एक क्लब बना लेते हैं। महीने में एक बार, पर्ची निकाल कर, उनमें से एक व्यक्ति सभी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेगा। एक वर्ष में किसी विशेष सदस्य को कितनी बार रात्रिभोज की मेजबानी करनी होगी?**

(a) एक (b) शून्य
(c) तीन (d) पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**एक वर्ष में किसी विशेष सदस्य को कितनी बार रात्रिभोज की मेजबानी करनी होगी? यह स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं हो सकता क्योंकि इसे यादृच्छिक रूप से चुना जाता है इसलिए शायद सभी को मौका न मिले। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**10. An automobile owner reduced his monthly petrol consumption when the prices went up. The price-consumption relationship is as follows :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Price (in ₹ per litre) | 40 | 50 | 60 | 75 |
| Monthly consumption (in litres) | 60 | 48 | 40 | 32 |

**If the price goes up to ₹ 80 per litre, his expected consumption (in litres) will be**

(a) 30 (b) 28 (c) 26 (d) 24

**एक मोटर गाड़ी के मालिक ने, पेट्रोल की कीमतें बढ़ने पर, अपने मासिक पेट्रोल का उपभोग कम कर दिया। कीमत-उपभोग सम्बन्ध इस प्रकार है :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कीमत (₹ प्रति लीटर में) | 40 | 50 | 60 | 75 |
| मासिक उपभोग (लीटर में) | 60 | 48 | 40 | 32 |

**यदि कीमत बढ़ कर ₹ 80 प्रति लीटर तक हो जाए, तो उसका अनुमानित उपभोग ( लीटर में ) क्या होगा?**

(a) 30 (b) 28 (c) 26 (d) 24

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–** $E = P \times C$

अर्थात अनुमानित उपभोग = कीमत × उपभोग

$= 40 \times 60 = 2400$


प्रत्येक स्थिति में व्यय नियत है।

$\therefore 2400 = 80 \times C$


$C = 30$


अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।


**11. Consider the figures given below :**
**नीचे दी गई आकृतियों पर विचार कीजिए :**




**To fit the question mark, the correct answer is**
**वह सही उत्तर क्या है जो प्रश्न-चिह्न के स्थान पर उपयुक्त होगा?**

(a)


(b)


(c)


(d)


**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–** त्रिभुज clock wise और उलट रहा है, जबकि बाकी चित्र में बनी आकृतियां – ●, ।, ○ anti clock wise घूम रही हैं।

**12. Consider the following matrix :**
**नीचे दिए गए आव्यूह पर विचार कीजिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **3** | **8** | **10** | **2** | **?** | **1** |
| **6** | **56** | **90** | **2** | **20** | **0** |

**What is the missing number at `?' in the matrix?**
**आव्यूह में प्रश्न-चिह्न (`?') वाले खाने में लुप्त संख्या क्या है?**

(a) 5 (b) 0
(c) 7 (d) 3

**उत्तर–(a)**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

व्याख्या— $3^2 - 3 = 6$
$8^2 - 8 = 56$
$10^2 - 10 = 90$
$2^2 - 2 = 2$
$5^2 - 5 = 20$
$1^2 - 1 = 0$
अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**13. What is the missing number `X' of the series 7, X, 21, 31, 43?**
**श्रेणी 7, X, 21, 31, 43 में लुप्त संख्या `X' क्या है?**

(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 14


**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–श्रृंखला इस प्रकार होगी–


$7 \xrightarrow{+6} 13 \xrightarrow{+8} 21 \xrightarrow{+10} 31 \xrightarrow{+12} 43$


अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।


**14. Four cardboard pieces of specific shapes are shown in the following figure :**
**नीचे दी गई आकृति में विशिष्ट आकारों वाले चार गत्ते के टुकड़े दिखाए गए हैं :**




**Which one of the following figures given can be formed by joining these pieces together?**
**इन टुकड़ों को एक साथ जोड़ कर, नीचे दी गई आकृतियों में से कौन-सी एक आकृति बनाई जा सकती है?**

(a) 


(b) 

(c) 

(d) 

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–प्रश्न में दिए गए टुकड़ों को जोड़कर यह आकृति बनाई जा सकती है।



**15. In a test, a candidate attempted only 8 questions and secured 50% marks in each of the questions. If he obtained a total of 40% in the test and all questions in the test carried equal marks, how many questions were there in the test?**
**एक परीक्षा में, किसी परीक्षार्थी ने केवल 8 प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न किया और प्रत्येक प्रश्न में 50% अंक प्राप्त किए। यदि उसने उस परीक्षा में कुल 40% अंक प्राप्त किए और परीक्षा के सभी प्रश्नों के अंक बराबर थे, तब उस परीक्षा में कितने प्रश्न थे?**

(a) 8 (b) 10
(c) 15 (d) 16

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–माना कुल प्रश्नों की संख्या X है।
हल किए गए प्रश्नों से प्राप्त अंक = 4

$\frac{4}{x} \times 100 = 40$

X = 10
अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**16. A father is nine times as old as his son and the mother is eight times as old as the son. The sum of the father's and the mother's age is 51 years. What is the age of the son?**
**एक पिता की उम्र, उसके पुत्र की उम्र की नौ गुनी है तथा माता की उम्र उस पुत्र की उम्र की आठ गुनी है। पिता और माता की उम्र का योगफल 51 वर्ष है। पुत्र की उम्र क्या है?**

(a) 7 years/7 वर्ष (b) 5 years/5 वर्ष
(c) 4 years/4 वर्ष (d) 3 years/3 वर्ष

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–माना पिता की वर्तमान आयु F है। माता की वर्तमान आयु M है तथा पुत्र की वर्तमान आयु S है।

F = 9S
M = 8S
9S + 8S = 51
17S = 51
S = 3

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**17. Four persons A, B, C and D consisting of two married couples are in a group. Both the women are shorter than their respective husbands. A is the tallest among the four. C is taller than B. D is B's brother. In this context, which one of the following statements is *not* correct?**

(a) All four have family ties.
(b) B is the shortest among the four.
(c) C is taller than D.
(d) A is B's husband.

**एक समूह में A, B, C और D चार व्यक्ति दो विवाहित जोड़ों के रूप में हैं। दोनों स्त्रियाँ अपने-अपने पतियों से लंबाई में छोटी हैं। A की लंबाई, चारों में सबसे अधिक है। C की लंबाई B से अधिक है। D, B का भाई है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**

(a) सभी चारों व्यक्तियों में पारिवारिक संबंध हैं।
(b) इन चारों में, B की लंबाई सबसे कम है।
(c) C की लंबाई D से अधिक है।
(d) A, B का पति है।

**उत्तर–(c)**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**व्याख्या–** पति पत्नी

A B

D C

A सबसे लंबा है इसका अर्थ है कि A पति होगा।
D, B का भाई है अतः दूसरे का पति D होगा।
चूंकि दिया है कि पत्नी की लम्बाई पति से कम है।
अतः कथन C पत्नी की लम्बाई पति D से अधिक नहीं हो सकती है।
अतः उत्तर विकल्प (c) होगा।

**18. Consider the following statements :**

1. A man had a wife, two sons and two daughters in his family.
2. The daughters were invited to a feast and the male members of the family went out to take part in a picnic.
3. The man's father did not return from his work.

**Which of the following statements is true?**

(a) Only the man's wife was left at home.
(b) It is likely that the man's wife was left at home.
(c) None was left at home.
(d) More than one person was left at home.

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. एक आदमी के परिवार में एक पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियाँ थीं।
2. पुत्रियों को एक भोज पर आमंत्रित किया गया और परिवार के पुरुष सदस्य पिकनिक पर बाहर चले गए।
3. उस आदमी का पिता अपने काम से वापस नहीं लौटा।

**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) केवल उस आदमी की पत्नी ही घर पर रह गई थी।
(b) यह संभावना है कि उस आदमी की पत्नी ही घर पर रह गई थी।
(c) घर पर कोई भी नहीं रह गया था।
(d) घर पर एक से अधिक व्यक्ति रह गए थे।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**चूंकि, पिता काम से नहीं लौटे हैं। पुरुष सदस्य पिकनिक के लिए गए हैं। पुत्रियाँ भोज के लिए बाहर हैं। हम कह सकते हैं कि इसकी प्रबल संभावना है कि केवल उस व्यक्ति की पत्नी अकेले घर में हो। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**19. Geeta :** Naresh has become a better boxer since he started meditation.

**Radha :** Impossible. A boxer's most important asset is his aggressiveness.

**Radha's statement reflects her belief that**

(a) meditation tends to make a person less aggressive.
(b) meditation has little or no effect on the person who practises it.
(c) Naresh was a poor boxer earlier because he was not aggressive enough.
(d) Naresh would not have taken to meditation as he was a boxer.

**गीता :** जब से नरेश ने ध्यान (मेडिटेशन) प्रारंभ किया है, वह अधिक अच्छा बॉक्सर बन गया है।

**राधा :** असंभव है। किसी बॉक्सर का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण उसकी आक्रामकता है।

**राधा का कथन उसके इस विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि**

(a) ध्यान की प्रवृत्ति किसी व्यक्ति को कम आक्रामक बनाने की होती है।
(b) ध्यान करने वाले व्यक्ति पर ध्यान का नगण्य प्रभाव पड़ता है या कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता।
(c) नरेश पहले खराब बॉक्सर था क्योंकि वह पर्याप्त आक्रामक नहीं था।
(d) नरेश ने, बॉक्सर होने के कारण, ध्यान आरंभ ही नहीं किया होता।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**राधा, गीता के तर्क को मानने से इंकार कर रही है क्योंकि उसका मानना है कि कोई भी ध्यान करके अच्छा बॉक्सर नहीं बन सकता है, क्योंकि किसी भी बॉक्सर का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण उसकी आक्रामकता होती है। इसलिए, हम आसानी से यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि राधा का मानना है कि ध्यान से आक्रामकता में कमी आती है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**20. All good athletes want to win and all athletes who want to win eat a well-balanced diet; therefore all athletes who do not eat a well-balanced diet are bad athletes.**

**The best conclusion from this statement is that**

(a) no bad athlete wants to win.
(b) no athlete who does not eat a well-balanced diet is a good athlete.
(c) every athlete who eats a well-balanced diet is a good athlete.
(d) all athletes who want to win are good athletes.


**सभी अच्छे खिलाड़ी जीतना चाहते हैं और जो खिलाड़ी जीतना चाहते हैं वे सभी संतुलित भोजन करते हैं; अतएव वे सभी खिलाड़ी जो संतुलित भोजन नहीं करते, खराब खिलाड़ी हैं।**

**इस कथन से सर्वोत्तम निष्कर्ष यह निकलता है, कि**

(a) कोई खराब खिलाड़ी जीतना नहीं चाहता।
(b) कोई भी खिलाड़ी जो संतुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है।
(c) प्रत्येक खिलाड़ी जो संतुलित भोजन करता है वह अच्छा खिलाड़ी है।
(d) सभी खिलाड़ी जो जीतना चाहते हैं, अच्छे खिलाड़ी हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**




अतः प्रमाणित होता है कि कोई भी खिलाड़ी जो संतुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है।

**Directions for the following 8 (eight) items :**

***Read the following seven passages and answer the items that follow. Your answers to these items should be based on the passages only.***

**निम्नलिखित 8 (आठ) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित सात परिच्छेदों को पढ़िए और उनके नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

## Passage-1

The richer States have a responsibility to cut down carbon emissions and promote clean energy investments. These are the States that got electricity, grew faster and now have high per capita income, making them capable of sharing India's burden of becoming eco-friendly. Delhi, for example, can help by generating its own clean electricity using solar rooftop panels or even help poor States finance their clean energy projects. It is no secret that State Electricity Boards, which control 95% of the distribution network, are neck-deep in losses. These losses further discourage State utilities from adopting renewable energy as it is more expensive than fossil fuels.

## परिच्छेद-1

अपेक्षाकृत समृद्ध राज्यों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे कार्बन उत्सर्जन को कम करें और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में निवेश को प्रोत्साहित करें । ये वे राज्य हैं, जिनको बिजली उपलब्ध है, जिनका विकास अपेक्षाकृत तीव्र गति से हुआ है और जिनकी प्रति व्यक्ति आय अब उच्च है, जिस कारण वे भारत को पर्यावरण –अनुकूली बनाने का भार वहन करने हेतु सक्षम हुए हैं। दिल्ली, उदाहरण के लिए, इस रूप में मदद कर सकती है कि वह छतों के ऊपर सौर पैनल के प्रयोग से अपने स्वयं के उपयोग की स्वच्छ बिजली उत्पादित करे या वह निर्धन राज्यों को उनकी स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण करके भी मदद कर सकती है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि राज्य विद्युत् बोर्ड, जो वितरण परिपथ-जाल (डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क) के 95% भाग को नियंत्रित करते हैं, अत्यधिक गहरे घाटे में डूबे हुए हैं। ये घाटे आगे राज्य के सेवा-प्रदाताओं (युटिलिटीज) को नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने से हतोत्साहित करते हैं क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना जीवाश्मी ईंधनों को अपनाने से अधिक महँगा है।

**21. Which among the following is the *most logical and rational assumption* that can be made from the above passage?**

(a) The richer States must lead in the production and adoption of renewable energy.
(b) The poor States always have to depend on rich States for electricity.
(c) The State Electricity Boards can improve their finances by undertaking clean energy projects.
(d) The high economic disparity between the rich and poor States is the major cause of high carbon emissions in India.

**निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वाधिक तार्किक और युक्तिसंगत पूर्वधारणा उपर्युक्त परिच्छेद से बनाई जा सकती है?**

(a) अपेक्षाकृत समृद्ध राज्यों को नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादित करने और अपनाने में अग्रणी होना चाहिए।
(b) निर्धन राज्यों को विद्युत् के लिए सदा समृद्ध राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है।
(c) राज्य विद्युत् बोर्ड स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को अपनाकर अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार ला सकते है।
(d) समृद्ध और निर्धन राज्यों के बीच अत्यधिक आर्थिक असमानता, भारत में अधिक कार्बन उत्सर्जन का प्रमुख कारण है।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार सर्वाधिक तार्किक और युक्तिसंगत पूर्वधारणा यह निकल कर आती है अपेक्षाकृत समृद्ध राज्यों को नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादित करने और अपनाने में अग्रणी होना चाहिए।
अतः परिच्छेद का सर्वाधिक तार्किक उपनिगमन विकल्प (a) है।

## Passage-2

Set against a rural backdrop, `Stench of kerosene' is the story of a couple, Guleri and Manak, who have been happily married for several years but do not have a child. Manak's mother is desperate to have a grandchild to carry on the family name. Hence, she gets Manak remarried in Guleri's absence. Manak, who acts as a reluctant but passive spectator, is meanwhile, informed by a friend that Guleri, on hearing about her husband's second marriage, poured kerosene on her clothes and set fire to them. Manak is heartbroken and begins to live as if he were a dead man. When his second wife delivers a son, Manak stares at the child for a long time and blurts out, ``Take him away! He stinks of kerosene."

## परिच्छेद-2

'स्टेंच ऑफ केरोसीन', ग्रामीण पृष्ठभूमि में सजाई गई, अनेक वर्षों से विवाहित किंतु निःसंतान दम्पत्ति गुलेरी और मानक की कहानी है। मानक की माँ खानदान के नाम को आगे जारी रखने हेतु एक पोता पाने के लिए तड़प रही है। अतः वह गुलेरी की गैर-मौजूदगी में मानक का पुनर्विवाह करा देती है। मानक को, जो अनिच्छुक और निष्क्रिय दर्शक सा बना रहता है, इस बीच उसका एक मित्र सूचित करता है कि गुलेरी ने पति के दूसरे विवाह की बात सुनकर अपने कपड़ों पर केरोसीन डाल कर आग लगा ली थी। इससे मानक का दिल टूट जाता है और वह एक मुर्दा इन्सान की तरह जीवन व्यतीत करने लगता है। जब उसकी दूसरी पत्नी एक पुत्र को जन्म देती है, तो मानक बच्चे को बहुत देर तक घूरता रहता है और फिर फूट पड़ता है, "इसे यहाँ से दूर करो! इससे केरोसीन की दुर्गंध आती है।"

**22. This is a sensitive issue-based story which tries to sensitise the readers about**

(a) Male chauvinism and infidelity
(b) Love and betrayal
(c) Lack of legal safeguards for women
(d) Influence of patriarchal mindset

**यह संवेदनशील समस्या-आधारित कहानी पाठकों को किसके बारे में जागरुक करने का प्रयास करती है?**

(a) पुरुषवाद (मेल शोविनिज्म) और अन्यगमन (इनफिडेलिटी)
(b) प्यार और विश्वासघात
(c) महिलाओं के लिए विधिक संरक्षण की कमी
(d) पितृतंत्रात्मक मनोवृत्ति का प्रभाव

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**गद्यांश के अनुसार मानक की माँ खानदान के नाम को आगे जारी रखने हेतु एक पोता पाने के लिए तड़प रही है जो पितृतंत्रात्मक मनोवृत्ति के कुत्सित प्रभाव को प्रदर्शित करती है।

## Passage-3

The ultimate aim of government is not to rule or control by fear, nor to demand obedience, but conversely, to free every man from fear, that he may live in all possible security. In other words, to strengthen his natural right to exist and work without injury to himself or others. The object of government is not to change men from rational beings into beasts or puppets. It should enable them to develop their minds and bodies in security, and to employ their reason unshackled.

## परिच्छेद-3

सरकार का चरम लक्ष्य डराकर शासन करना या नियंत्रण करना नहीं है, और न ही आज्ञाकारिता की अपेक्षा रखना है, बल्कि उसके विपरीत, प्रत्येक व्यक्ति को डर से मुक्त करना है जिससे वह हर तरह से संभव सुरक्षित जीवन जी सके। दूसरे शब्दों में लोगों के, बिना खुद को या दूसरों को हानि पहुँचाए, अस्तित्व बनाए रखने और काम करने


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

के नैसर्गिक अधिकार को सशक्त करना है। सरकार का उद्देश्य लोगों को विवेकशील व्यक्तियों से बदल कर उन्हें पशु या कठपुतलियाँ बनाना नहीं है। सरकार को इस प्रकार सहायक होना चाहिए कि लोग सुरक्षित महसूस करते हुए अपनी बुद्धि और शरीर को विकसित करने और मुक्त हो कर अपने विवेक का प्रयोग करने में समर्थ बन सकें।

**23. Which among the following is the *most logical and rational inference* that can be made from the above passage?**

(a) The true aim of government is to secure the citizens their social and political freedom.
(b) The primary concern of government is to provide absolute social security to all its citizens.
(c) The best government is the one that allows the citizens to enjoy absolute liberty in all matters of life.
(d) The best government is the one that provides absolute physical security to the people of the country.

**निम्नलिखित में कौन-सा *सर्वाधिक तार्किक और युक्तिसंगत अनुमान (इनफेरेंस)* उपर्युक्त परिच्छेद से निकाला जा सकता है?**

(a) सरकार का वास्तविक लक्ष्य नागरिकों की सामाजिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता सुरक्षित करना है।
(b) सरकार का प्राथमिक सरोकार अपने सभी नागरिकों को पूर्ण सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।
(c) सर्वश्रेष्ठ सरकार वह है जो नागरिकों को जीवन के सभी विषयों में पूर्ण स्वतंत्रता देती है।
(d) सर्वश्रेष्ठ सरकार वह है जो देश के लोगों को पूर्ण शारीरिक सुरक्षा प्रदान करती है।

**उत्तर—(a)**

**व्याख्या—**परिच्छेद के अनुसार सरकार का वास्तविक लक्ष्य नागरिकों की सामाजिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता को सुरक्षित करना है। इसलिए विकल्प (a) इस विचार से ज्यादा साम्यता रखता है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

## Passage-4

Our municipal corporations are understaffed. The issue of skills and competencies of the staff poses an even greater challenge. Urban services delivery and infrastructure are complex to plan and execute. They require a high degree of specialization and professionalism. The current framework within which municipal employees, including senior management, are recruited does not adequately factor in the technical and managerial competencies required. Cadre and recruitment rules only specify the bare minimum in academic qualifications. There is no mention of managerial or technical competencies, or of relevant work experience. This is the case with most municipal corporations. They also suffer from weak organisation design and structure.

## परिच्छेद-4

हमारे नगर निगमों में कर्मचारियों की कमी है। कर्मचारियों के कौशलों और सक्षमताओं का मुद्दा और भी बड़ी चुनौती खड़ी करता है। शहरी सेवाओं के प्रदान किए जाने की और आधारिक संरचना की योजना बनाना और निष्पादित करना बहुत जटिल कार्य है। इनके लिए उच्च कोटि की विशेषज्ञता और वृत्ति-दक्षता (प्रोफेशनलिज्म) की आवश्यकता है। वर्तमान में जिस ढाँचे के अंतर्गत नगर निगमों में वरिष्ठ प्रबंधकों समेत कर्मचारियों की भरती की जा रही है, उसमें अपेक्षित तकनीकी और प्रबंधकीय सक्षमताओं के लिए पर्याप्त रूप से प्रावधान नहीं हैं। काडर और भरती नियम सिर्फ न्यूनतम शैक्षिक योग्यताओं का निर्धारण करते हैं। उनमें प्रबंधकीय या तकनीकी सक्षमताओं का, या संगत कार्य अनुभव का, कोई उल्लेख नहीं होता। अधिकांश नगर निगमों की यही स्थिति है। उनका संगठनीय अभिकल्प (डिजाइन) और संरचना भी कमजोर है।

**24. Which among the following is the *most logical and rational assumption* that can be made from the above passage?**

(a) The task of providing urban services is a complex issue which requires the organisational expansion of municipal bodies all over the country.
(b) Our cities can provide better quality of life if our local government bodies have adequate staff with required skills and competencies.
(c) Lack of skilled staff is due to the absence of institutions which offer the requisite skills in city management.
(d) Our country is not taking advantage of the demographic dividend to manage the problems associated with rapid urbanization.

**निम्नलिखित में से कौन-सी *सर्वाधिक तार्किक और युक्तिसंगत पूर्वधारणा (अजम्पशन)* उपर्युक्त परिच्छेद से बनाई जा सकती है?**

(a) शहरी सेवाओं के प्रदान किए जाने का कार्य बहुत जटिल मुद्दा है, जिसके लिए पूरे देश में नगर निकायों के संगठन-विस्तार की आवश्यकता है।
(b) हमारे शहर बेहतर गुणतायुक्त जीवन उपलब्ध करा सकते हैं यदि हमारे स्थानीय शासकीय निकायों के पास अपेक्षित कौशल और सक्षमताओं वाले यथेष्ट कर्मचारी हों।
(c) कौशलयुक्त कर्मचारियों की कमी ऐसी संस्थाओं के अभाव के कारण है जो नगर प्रबंधन में अपेक्षित कौशल प्रदान करें।
(d) हमारा देश तीव्रता से हो रहे शहरीकरण की समस्याओं के प्रबंधन के लिए जनांकिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) का लाभ नहीं उठा रहा है।

**उत्तर—**(b)

**व्याख्या—**गद्यांश में लेखक नगर निगमों में कार्यरत कर्मचारियों की कम संख्या व उनके कौशल तथा कार्यकुशलता के संबंध में चिन्ता को दर्शा रहा है। इसलिए विकल्प (b) सर्वाधिक युक्तिसंगत पूर्वधारणा है; क्योंकि लेखक यह प्रदर्शित कर रहा है कि कर्मचारियों की उत्कृष्ट व कुशल कार्यपद्धति शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकती है।

## Passage-5

Flamingos in large flocks in the wild are social and extremely loyal. They perform group mating dances. Parents are very fond of their chicks, gathering them into creches for protection while both males and females fly off to search for food.

## परिच्छेद-5

वनों में बड़े झुण्डों में रहने वाले फ्लेमिंगो सामाजिक और अत्यंत निष्ठावान होते हैं। वे समूह संगम नृत्य करते हैं। नर और मादा पक्षी अपने चूजों से बहुत प्यार करते हैं, और जब नर और मादा दोनों भोजन की तलाश में दूर उड़ जाते हैं तब सुरक्षा के लिए उन चूजों को क्रेशों (creches) में एकत्र रख जाते हैं।


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**25. Which among the following is the *most logical corollary* to the above passage?**

(a) Mass nesting in all species of birds is essential to ensure complete survival of their offspring.

(b) Only birds have the capacity to develop social behaviour and thus can do mass nesting to raise their chicks in safety.

(c) Social behaviour in some species of birds increases the odds of survival in an unsafe world.

(d) All species of birds set up creches for their chicks to teach them social behaviour and loyalty.

**निम्नलिखित में से कौन-सा, उपर्युक्त परिच्छेद का *सबसे तर्कसंगत उपनिगमन ( कोरोलरी )* है?**

(a) सभी स्पीशीज के पक्षियों में सामूहिक नीड़न (मास नेस्टिंग) अनिवार्य है ताकि उनकी संततियाँ पूरी तरह जीवित बनी रहें।

(b) सिर्फ पक्षियों में सामाजिक व्यवहार विकसित करने की क्षमता होती है अतः वे अपने चूजों को सुरक्षापूर्वक पालने के लिए सामूहिक नीड़न अपना सकते हैं।

(c) कुछ स्पीशीज के पक्षियों में सामाजिक व्यवहार, असुरक्षित विश्व में जीवित बने रहने की विषमताओं को बढ़ा देता है।

(d) सभी स्पीशीज के पक्षी अपने चूजों को सामाजिक व्यवहार और निष्ठा सिखाने के लिए क्रेशों (creches) की स्थापना करते हैं।

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**फ्लेमिंगो सामाजिक एवं निष्ठावान होते हैं और जब नर व मादा भोजन की तलाश में दूर उड़ जाते हैं तो उनके चूजों की सुरंक्षा समूह के अन्य सदस्यों द्वारा की जाती है। अतः सबसे तर्कसंगत उपनिगमन विकल्प (c) होगा क्योंकि यह समूह एवं सामाजिक व्यवहार के महत्त्व को प्रदर्शित करता है।

## Passage-6

Vast numbers of Indian citizens without bank accounts live in rural areas, are financially and functionally illiterate, and have little experience with technology. A research study was conducted in a particular area in which electronic wage payments in Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) are meant to go directly to the poor. It was observed that recipients often assume that the village leader needs to mediate the process, as was the case under the previous paper-based system. Among households under this research study area who claimed to have at least one bank account, over a third reported still receiving MGNREGS wages in cash directly from a village leader.

## परिच्छेद-6

बहुत बड़ी संख्या में ऐसे भारतीय नागरिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं जिनके बैंक खाते नहीं हैं। ये वित्तीय और प्रकार्यात्मक (फंक्शनल) रूप से अशिक्षित हैं, और प्रौद्योगिकी के साथ इनका अनुभव नगण्य है। एक विशेष क्षेत्र में, जहाँ महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (MGNREGS) के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के रूप में मजदूरी सीधे निर्धनों को दी जानी होती है, एक अनुसंधानपरक अध्ययन किया गया। यह पाया गया कि मजदूरी प्राप्त करने वाले प्रायः यह मान लेते हैं कि इस प्रक्रिया में गाँव के नेता की मध्यस्थता आवश्यक है, जैसा कि पूर्व में कागजों पर आधारित व्यवस्था में होता था। इस अनुसंधानपरक अध्ययन के अंतर्गत, कम-से-कम एक बैंक खाता रखने का दावा करने वाले परिवारों में से एक-तिहाई से अधिक परिवारों ने बताया कि वे अभी भी MGNREGS की मजदूरी नकद रूप में सीधे गाँव के नेता से प्राप्त कर रहे हैं।

**26. What is the *most logical, rational and crucial message* that is implied in the above passage?**

(a) MGNREGS should be extended only to those who have a bank account.

(b) The paper-based system of payments is more efficient than electronic payment in the present scenario.

(c) The goal of electronic wage payments was not to eliminate mediation by village leaders.

(d) It is essential to provide financial literacy to the rural poor.

**उपर्युक्त परिच्छेद में निहित *सर्वाधिक तार्किक, तर्कसंगत और महत्त्वपूर्ण सन्देश* क्या है?**

(a) MGNREGS का प्रसार सिर्फ उन तक किया जाना चाहिए जिनके पास बैंक खाता है।

(b) वर्तमान परिदृश्य में कागजों पर आधारित भुगतान व्यवस्था इलेक्ट्रॉनिक भुगतान व्यवस्था से अधिक दक्ष है।

(c) मजदूरी के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान का लक्ष्य गाँव के नेताओं की मध्यस्थता को समाप्त करना नहीं था।

(d) ग्रामीण निर्धनों को वित्तीय साक्षरता उपलब्ध कराना आवश्यक है।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**गद्यांश में इस बात पर चिन्ता व्यक्त की गई है कि मनरेगा तहत इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के बजाय मजदूर इस प्रक्रिया में मजदूरी प्राप्त करने के लिये गाँव के नेता की मध्यस्थता आवश्यक समझते हैं। यह तथ्य वित्तीय प्रौद्योगिकी और प्रकार्यात्मकता के अधिकाधिक प्रसार पर बल देता है। इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।

## Passage-7

Individuals, groups and leaders who promote human development operate under strong institutional, structural and political constraints that affect policy options. But experience suggests broad principles for shaping an appropriate agenda for human development. One important finding from several decades of human development experience is that focusing exclusively on economic growth is problematic. While we have good knowledge about how to advance health and education, the causes of growth are much less certain and growth is often elusive. Further, an unbalanced emphasis on growth is often associated with negative environmental consequences and adverse distributional effects. The experience of China, with its impressive growth record, reflects these broader concerns and underlines the importance of balanced approaches that emphasize investments in the non-income aspects of human development.

## परिच्छेद-7

मानव विकास को संवर्धित करने वाले व्यक्ति, समूह और नेता कड़ी संस्थागत, संरचनात्मक और राजनीतिक बाध्यताओं के अंतर्गत कार्य करते हैं जिनसे नीति के विकल्प प्रभावित होते हैं। किंतु अनुभव यह सुझाव देता है कि मानव विकास हेतु एक उपयुक्त कार्यसूची को आकार देने के लिए व्यापक सिद्धांतों की आवश्यकता होती है। अनेक दशकों के मानव विकास के अनुभव से इस एक महत्त्वपूर्ण बात का पता लगा है कि आर्थिक संवृद्धि पर ही अनन्य रूप से ध्यान केंद्रित करने से समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। हमारे पास स्वास्थ्य और शिक्षा को उन्नत करने के तरीकों की अच्छी जानकारी तो है, लेकिन संवृद्धि किन कारणों से होती है इसे समझने में काफी कमी है और संवृद्धि प्रायः



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

भ्रामक है। साथ ही, संवृद्धि पर असंतुलित रूप से बल देने से प्रायः पर्यावरण पर नकारात्मक परिणाम और वितरण में प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। संवृद्धि के प्रभावशाली कीर्तिमान वाला चीन का अनुभव, इन व्यापक सरोकारों को प्रतिबिंबित करता है और मानव विकास के गैर-आय पहलुओं में निवेश को प्रमुखता देने वाले संतुलित दृष्टिकोणों के साथ आगे बढ़ने के महत्त्व पर बल देता है।

**27. With reference to the above passage, consider the following statements :**

1. In developing countries, a strong institutional framework is the only requirement for human development and policy options.
2. Human development and economic growth are not always positively inter-related.
3. Focusing only on human development should be the goal of economic growth.

**Which of the above statements is/are correct?**

(a) 1 only (b) 2 and 3 only
(c) 2 only (d) 1, 2 and 3

**उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. विकासशील देशों में, मानव विकास और नीति विकल्पों के लिए मजबूत संस्थागत संरचना ही एकमात्र आवश्यकता है।
2. मानव विकास और आर्थिक संवृद्धि सदैव सकारात्मक रूप से परस्पर संबंधित नहीं हैं।
3. केवल मानव विकास पर ही बल देना, आर्थिक संवृद्धि का लक्ष्य होना चाहिए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**यह कहना कि मात्र मानव संसाधन के विकास की आवश्यकता एक मजबूत संस्थात्मक ढाँचा है, एक अन्य विशिष्ट बात होगी। यह विकल्प (3) के साथ साम्यता रखता है। चीन का उदाहरण विकल्प (2) के साथ साम्यता रखता है। इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।

**28. With reference to the above passage, the following assumptions have been made :**

1. Higher economic growth is essential to ensure reduction in economic disparity.
2. Environmental degardation is sometimes a consequence of economic growth.

**Which of the above is/are valid assumption/assumptions?**

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित धारणाएं बनाई गई हैं :**

1. आर्थिक असमानता में कमी सुनिश्चित करने के लिए उच्चतर आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य है।
2. पर्यावरण का निम्नीकरण, कभी-कभी आर्थिक संवृद्धि का ही परिणाम होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सी वैध धारणा/धारणाएं है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**वास्तव में पर्यावरणीय ह्रास आर्थिक विकास का स्वाभाविक परिणाम है। इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर होगा। यद्यपि गद्यांश आर्थिक विकास का महत्त्व समझा रहा है लेकिन साथ-साथ इसे समस्याकारी भी समझता है। इसलिए हम यह निष्कर्ष नहीं निकाल सकते कि मान्यता आर्थिक असमानता को कम करने में आर्थिक विकास को एक महत्त्वपूर्ण कारक बनाना है।

**29. If A runs less fast than B, and B runs as fast but not faster than C; then, as compared to A, C runs**

(a) slower than A
(b) faster than A
(c) with same speed as A
(d) Given data is not sufficient to determine

**यदि A, B से कम तेज दौड़ता है, और B, C के बराबर चाल से, लेकिन उससे अधिक तेज नहीं, दौड़ता है; तो A की तुलना में C कैसे दौड़ता है?**

(a) A से धीमा
(b) A से तेज
(c) A के बराबर चाल से
(d) निर्धारित करने के लिए दिए गए आँकड़े अपर्याप्त हैं

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**B, A से तेज है
तथा C या तो B के बराबर तेज है या फिर उससे अधिक तेज है। इसलिए सही उत्तर विकल्प (b) है।

**30. Each of A, B, C and D has ₹ 100. A pays ₹ 20 to B, who pays ₹ 10 to C, who gets ₹ 30 from D. In this context, which one of the following statements is not correct?**

(a) C is the richest.
(b) D is the poorest.
(c) C has more than what A and D have together.
(d) B is richer than D.

**A, B, C और D में प्रत्येक के पास ₹ 100 हैं। A, B को ₹ 20 देता है, जो C को ₹ 10 देता है, जिसे D से ₹ 30 मिलते हैं। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?**

(a) C सबसे धनाढ्य है।
(b) D सबसे निर्धन है।
(c) A और D के पास मिलाकर जितने रुपए हैं, C के पास उससे अधिक रुपए हैं।
(d) B, D से अधिक धनवान है।

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| | 100 | 100 | 100 | 100 |
| (i) | 80 | 120 | 100 | 100 |
| (ii) | 80 | 110 | 110 | 100 |
| (iii) | 80 | 110 | 140 | 70 |

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**31. In a town, 45% population read magazine A, 55% read magazine B, 40% read magazine C, 30% read magazines A and B, 15% read magazines B and C, 25% read magazines A and C; and 10% read all the three magazines. What percentage do not read any magazine?**

(a) 10% (b) 15%
(c) 20% (d) 25%



Free Content Available at Linking Laws website


www.LinkingLaws.com

**किसी नगर में, 45% लोग पत्रिका A पढ़ते हैं, 55% लोग पत्रिका B पढ़ते हैं, 40% लोग पत्रिका C पढ़ते हैं, 30% लोग पत्रिका A और B पढ़ते हैं, 15% लोग पत्रिका B और C पढ़ते हैं, 25% लोग पत्रिका A और C पढ़ते हैं; और 10% लोग सभी तीनों पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। कितने प्रतिशत लोग कोई पत्रिका नहीं पढ़ते?**

(a) 10% (b) 15%
(c) 20% (d) 25%

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**




वेन डायग्राम के अनुसार–
व्यक्ति, जो A, B या C पत्रिका पढ़ते हैं
$= 0 + 20 + 10 + 15 + 20 + 5 + 10 = 80\%$
व्यक्ति, जो तीनों में से कोई पत्रिका नहीं पढ़ते हैं $= 100 - 80$
$= 20\%$

**32. Examine the following statements :**

1. Lady's finger is tastier than cabbage.
2. Cauliflower is tastier than lady's finger.
3. Cabbage is not tastier than peas.

**The conclusion that can be drawn from these statements is that**

(a) peas are as tasty as lady's finger.
(b) peas are as tasty as cauliflower and lady's finger.
(c) cabbage is the least tasty of the four vegetables.
(d) cauliflower is tastier than cabbage.

**निम्नलिखित कथनों की परीक्षा कीजिए :**

1. भिंडी, बंदगोभी से अधिक स्वादिष्ट होती है।
2. फूलगोभी, भिंडी से अधिक स्वादिष्ट होती है।
3. बंदगोभी, मटर से अधिक स्वादिष्ट नहीं होती।

**इन कथनों में से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि**

(a) मटर उतनी ही स्वादिष्ट होती है जितनी भिंडी।
(b) मटर उतनी ही स्वादिष्ट होती है जितनी फूलगोभी और भिंडी।
(c) इन चारों सब्जियों में बंदगोभी सबसे कम स्वादिष्ट होती है।
(d) फूलगोभी, बंदगोभी से अधिक स्वादिष्ट होती है।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–** 1. भिंडी > बंदगोभी
2. फूलगोभी > भिंडी > बंदगोभी
3. बंदगोभी $\leq$ मटर

इसलिए स्पष्ट है फूलगोभी, बंदगोभी से अधिक स्वादिष्ट है।
अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**33. Shahid and Rohit start from the same point in opposite directions. After each 1 km, Shahid always turns left and Rohit always turns right. Which of the following statements is correct?**


(a) After both have travelled 2 km, the distance between them is 4 km.
(b) They meet after each has travelled 3 km.
(c) They meet for the first time after each has travelled 4 km.
(d) They go on without ever meeting again.

**शाहिद और रोहित एक ही स्थान से, विपरीत दिशाओं में चलना प्रारम्भ करते हैं। प्रत्येक 1 किमी के बाद, शाहिद हमेशा बाएँ मुड़ता है और रोहित हमेशा दाएँ मुड़ता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) उन दोनों के बीच, उनके 2 किमी चल लेने के बाद, दूरी 4 किमी है।
(b) वे, प्रत्येक के 3 किमी चल लेने के बाद, मिलते हैं।
(c) वे, प्रत्येक के 4 किमी चल लेने के बाद, पहली बार मिलते हैं।
(d) वे फिर कभी मिले बिना ही, चलते रहते हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**




अतः चित्र से स्पष्ट है कि सही उत्तर विकल्प (b) होगा।

**34. In a 500 metres race, B starts 45 metres ahead of A, but A wins the race while B is still 35 metres behind. What is the ratio of the speeds of A to B assuming that both start at the same time?**

**500 मीटर की दौड़ में, B, A से 45 मीटर आगे से प्रारम्भ करता है, लेकिन A दौड़ जीत जाता है जबकि B अभी भी 35 मीटर पीछे रहता है। यह मानते हुए कि दोनों एक ही समय दौड़ना प्रारम्भ करते हैं, A की चाल का B की चाल से, अनुपात क्या है?**

(a) 25 : 21 (b) 25 : 20
(c) 5 : 3 (d) 5 : 7

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–** A = 500
$B = 500 - 45 - 35 = 420$
क्योंकि A व B द्वारा लिया गया समय बराबर है।
अतः A की चाल व B की चाल का अनुपात $= 500 : 420$
$= 25 : 21$

**35. Two equal glasses of same type are respectively 1/3 and 1/4 full of milk. They are then filled up with water and the contents are mixed in a pot. What is the ratio of milk and water in the pot?**

**एक ही प्रकार के दो समरूप गिलास क्रमशः 1/3 और 1/4 दूध से भरे हैं। तब इन गिलासों को पूरा होने तक पानी से भरा गया, और गिलासों में भरे हुए द्रव (मिश्रण) को एक पात्र में मिला दिया गया। इस पात्र में दूध और पानी का अनुपात क्या है?**

(a) 7 : 17 (b) 1 : 3
(c) 9 : 21 (d) 11 : 23

**उत्तर–(a)**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**व्याख्या**—माना प्रत्येक ग्लास का आयतन 60 लीटर है।

| ग्लास A | ग्लास B |
|---|---|
| दूध = 20 ली. | दूध = 15 ली. |
| पानी = 40 ली. | पानी = 45 ली. |

अभीष्ट अनुपात = $\frac{\text{दूध}}{\text{पानी}} = \frac{35 \text{ ली.}}{85 \text{ ली.}} = \frac{7}{17} = 7 : 17$

**36. Out of 130 students appearing in an examination, 62 failed in English, 52 failed in Mathematics, whereas 24 failed in both English and Mathematics. The number of students who passed finally is**


(a) 40 (b) 50
(c) 55 (d) 60

**एक परीक्षा में शामिल 130 विद्यार्थियों में से, 62 विद्यार्थी अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए, 52 विद्यार्थी गणित में अनुत्तीर्ण हुए, जबकि 24 विद्यार्थी अंग्रेजी और गणित दोनों में अनुत्तीर्ण हुए। अन्तिम रूप से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या क्या है?**

(a) 40 (b) 50
(c) 55 (d) 60

**उत्तर—(a)**

**व्याख्या**—




कुल अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 62 + 52 – 24 = 90
या 38 + 24 + 28 = 90
इसलिए विद्यार्थियों की संख्या जिन्होंने अंतिम रूप से परीक्षा पास की है = 130 – 90 = 40
अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**37. In a group of persons travelling in a bus, 6 persons can speak Tamil, 15 can speak Hindi and 6 can speak Gujarati. In that group none can speak any other language. If 2 persons in the group can speak two languages only and one person can speak all the three languages, then how many persons are there in the group?**


(a) 21 (b) 22
(c) 23 (d) 24

**किसी बस में यात्रा करने वाले व्यक्तियों के एक समूह में, 6 व्यक्ति तमिल बोल सकते हैं, 15 व्यक्ति हिन्दी बोल सकते हैं और 6 व्यक्ति गुजराती बोल सकते हैं। उस समूह में कोई भी व्यक्ति कोई अन्य भाषा नहीं बोल सकता। यदि इस समूह के 2 व्यक्ति केवल दो भाषाएँ बोल सकते हैं और एक व्यक्ति सभी तीनों भाषाएँ बोल सकता है, तब इस समूह में कुल कितने व्यक्ति हैं?**

(a) 21 (b) 22
(c) 23 (d) 24

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या**—




इसलिए सही उत्तर विकल्प (c) होगा।

**38. In a parking area, the total number of wheels of all the cars (four-wheelers) and scooters/motorbikes (two-wheelers) is 100 more than twice the number of parked vehicles. The number of cars parked is**

(a) 35 (b) 45
(c) 50 (d) 55

**किसी पार्किंग क्षेत्र में, सभी कारों (चार-पहिया वाहन) और स्कूटरों/मोटर साइकिलों (दो-पहिया वाहन) के पहियों की कुल संख्या, पार्क किए गए वाहनों की संख्या के दुगुने से 100 ज्यादा है। पार्क की गई कारों की संख्या क्या है?**

(a) 35 (b) 45
(c) 50 (d) 55

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या**—माना कारों की कुल संख्या = a
दो पहिया वाहनों की कुल संख्या = b
$4a + 2b = 2(a + b) + 100$
$2a = 100$
$a = 50$
अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**39. The mangroves can shed tons of leaves per acre every year; fungi and bacteria break down this leaf litter and consume it, they then are consumed by tiny worms and crustaceans, which in turn feed small fish, which feed larger fish and birds and crocodiles.**

**Which among the following is the *most logical inference* of the above statement?**

(a) Coastal areas cannot have food chains without mangroves.
(b) Mangroves are an essential component of all marine ecosystems.
(c) Mangroves have a crucial role in some of the coastal food chains.
(d) The composition of marine flora and fauna is largely determined by mangroves.

**मैन्ग्रोव वनों में प्रति वर्ष प्रति एकड़ टनों पत्तियाँ झड़ सकती हैं; कवक और जीवाणु पत्तियों के इस ढेर का अपघटन कर उनका उपभोग कर जाते हैं, उन्हें नन्हीं कृमियाँ और क्रस्टेशियाई खा जाते हैं, जो तत्पश्चात् छोटी**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**मछलियों का भोजन बनती हैं, फिर ये भी बड़ी मछलियों, पक्षियों और मगरों का भोजन बन जाती हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उपर्युक्त कथन का *सर्वाधिक तार्किक अनुमान ( इनफेरेंस )* है?**

(a) मैन्ग्रोव वनों के बिना तटीय क्षेत्रों में आहार श्रृंखलाएँ नहीं बन सकती।

(b) मैन्ग्रोव वन सभी समुद्री पारितंत्रों (ईकोसिस्टम्स) के अनिवार्य घटक हैं।

(c) कतिपय समुद्रतटीय खाद्य श्रृंखलाओं में मैन्ग्रोव वनों की निर्णायक भूमिका होती है।

(d) समुद्री वनस्पतिजात और प्राणिजात का संघटन मुख्यतः मैन्ग्रोव वनों द्वारा निर्धारित होता है।

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**गद्यांश को पढ़ने से स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि कतिपय समुद्रतटीय खाद्य श्रृंखलाओं में मैन्ग्रोव वनों की निर्णायक भूमिका होती है। इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।

**40. ``By liberty I mean the eager maintenance of that atmosphere in which men have the opportunity to be their best selves."**

**Which one of the following expresses the *view implied* in the above statement?**

(a) Liberty is the absence of restraint on human action.

(b) Liberty is what law permits people to perform.

(c) Liberty is the ability to do what one desires.

(d) Liberty is the maintenance of conditions for the growth of human personality.

**''स्वतन्त्रता से मेरा आशय एक ऐसा वातावरण इच्छुक रूप से बनाए रखने से है जिसमें सभी मनुष्यों को अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में होने का अवसर मिले।''**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उपर्युक्त कथन में *निहित दृष्टिकोण* को व्यक्त करता है?**

(a) स्वतन्त्रता मानवीय कार्यकलाप पर नियंत्रण का अभाव है।

(b) स्वतन्त्रता वह है, जिसे निष्पादित करने के लिए लोगों को विधि की अनुज्ञा प्राप्त है।

(c) स्वतन्त्रता मनचाहे कार्य करने का सामर्थ्य है।

(d) स्वतन्त्रता मानव व्यक्तित्व की संवृद्धि के लिए आवश्यक दशाओं को बनाए रखना है।

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**प्रश्नगत कथन में निहित दृष्टिकोण, स्वतंत्रता मानव व्यक्तित्व की संवृद्धि के लिए आवश्यक दशाओं को बनाए रखना है; दृष्टिकोण पर बल देता है।

**Directions for the following 7 (seven) items :**

***Read the following six passages and answer the items that follow. Your answers to these items should be based on the passages only.***

**निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित छह परिच्छेदों को पढ़िए और उनके नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।**

## Passage-1

Climate change is already making many people hungry all over the world, by disrupting crop yields and pushing up prices. And it is not just food but nutrients that are becoming scarcer as the climate changes. It is the poorest communities that will suffer the worst effects of climate change, including increased hunger and malnutrition as crop production and livelihoods are threatened. On the other hand, poverty is a driver of climate change, as desperate communities resort to unsustainable use of resources to meet current needs.

## परिच्छेद-1

जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों की उपज में रुकावट और कीमतों में वृद्धि होने की वजह से, पूरे विश्व में बहुत सारे लोग पहले से ही भुखमरी का शिकार हैं। और जलवायु परिवर्तन के कारण केवल खाद्य ही नहीं बल्कि पोषक-तत्त्व भी अपर्याप्त होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे फसलों की उपज और जीविका पर खतरे की स्थिति बन रही है, सबसे गरीब समुदायों को ही, भुखमरी और कुपोषण के बढ़ने के समेत, जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से ग्रस्त होना पड़ेगा। दूसरी ओर, गरीबी जलवायु परिवर्तन की कारक है, क्योंकि निराशोन्मत्त समुदाय अपनी वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधनों के अधारणीय (अनसस्टेनबल) उपयोग का आश्रय लेते हैं।

**41. Which among the following is the *most logical corollary* to the above passage?**

(a) Government should allocate more funds to poverty alleviation programmes and increase food subsidies to the poor communities.

(b) Poverty and climate impacts reinforce each other and therefore we have to re-imagine our food systems.

(c) All the countries of the world must unite in fighting poverty and malnutrition and treat poverty as a global problem.

(d) We must stop unsustainable agricultural practices immediately and control food prices.

**निम्नलिखित में से कौन-सा, उपर्युक्त परिच्छेद का सर्वाधिक तार्किक उपनिगमन (कोरोलरी) है?**

(a) सरकार को गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए अधिक निधियों का आबंटन करना चाहिए और निर्धन समुदायों को दिए जाने वाले खाद्य उपदानों (सब्सिडीज) में वृद्धि करनी चाहिए।

(b) निर्धनता तथा जलवायु के प्रभाव एक-दूसरे को बढ़ावा देते हैं और इसलिए हमें अपनी खाद्य प्रणालियों की पुनर्कल्पना करनी होगी।

(c) विश्व के सभी देशों को गरीबी और कुपोषण से लड़ने के लिए एकजुट होना ही चाहिए और गरीबी को एक सार्वभौम समस्या की भाँति देखना चाहिए।

(d) हमें तुरन्त अधारणीय (अनसस्टेनबल) कृषि पद्धतियों को बंद कर देना चाहिए और खाद्य कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए।

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**गद्यांश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सबसे गरीब समुदाय को ही, भुखमरी और कुपोषण के बढ़ने के साथ, जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से ग्रस्त होना पड़ेगा। गरीबी जलवायु परिवर्तन का कारक है। अतः परिच्छेद का सर्वाधिक तार्किक उपनिगमन विकल्प (b) है।

## Passage-2

The Global Financial Stability Report finds that the share of portfolio investments from advanced economies in the total debt and equity investments in emerging economies has doubled in the past decade to 12 percent. The phenomenon has implications for Indian policy



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

makers as foreign portfolio investments in the debt and equity markets have been on the rise. The phenomenon is also flagged as a threat that could compromise global financial stability in a chain reaction, in the event of United States Federal Reserve's imminent reversal of its ``Quantitative Easing'' policy.

**परिच्छेद-2**

विश्व वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (ग्लोबल फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट) ने पाया है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से, उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के कुल ऋण और ईक्विटी निवेशों में, किया गया पोर्टफोलियो निवेश का अंश पिछले दशक में दुगुना होकर 12 प्रतिशत हो गया है। इस घटना के भारतीय नीति निर्माताओं पर प्रभाव संभावित हैं क्योंकि ऋण तथा ईक्विटी बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश बढ़ता रहा है। इस घटना को एक आशंका भी बताया जा रहा है कि यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिजर्व की ''मात्रात्मक ढील (क्वांटिटेटिव ईजिंग)'' नीति में आसन्न उत्क्रमण (इम्मिनेंट रिवर्सल) होने की दशा में, एक श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया के रूप में विश्व की वित्तीय स्थिरता खतरे में पड़ सकती है।

**42. Which among the following is the *most rational and critical inference* that can be made from the above passage?**

(a) Foregin portfolio investments are not good for emerging economies.
(b) Advanced economies undermine the global financial stability.
(c) India should desist from accepting foreign portfolio investments in the future.
(d) Emerging economies are at a risk of shock from advanced economies.

**उपर्युक्त परिच्छेद से, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक अनुमान (इनफेरेंस) निकाला जा सकता है?**

(a) उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेश अच्छे नहीं हैं।
(b) उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ विश्व की वित्तीय स्थिरता को खोखला करती हैं।
(c) भारत को भविष्य में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश स्वीकार करने से बचना चाहिए।
(d) उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से मिलने वाले आघात का खतरा रहता है।

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**उपर्युक्त परिच्छेद से सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक अनुमान यह निकलता है कि उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से मिलने वाले आघात का खतरा रहता है।

**Passage-3**

Open defecation is disastrous when practised in very densely populated areas, where it is impossible to keep away human faeces from crops, wells, food and children's hands. Groundwater is also contaminated by open defecation. Many ingested germs and worms spread diseases. They prevent the body from absorbing calories and nutrients. Nearly one-half of India's children remain malnourished. Lakhs of them die from preventable conditions. Diarrhoea leaves Indians' bodies smaller on average than those of people in some poorer countries where people eat fewer calories. Underweight mothers produce stunted babies prone to sickness who may fail to develop their full cognitive potential. The germs released into environment harm rich and poor alike, even those who use latrines.

**परिच्छेद-3**

खुले में मलत्याग अनर्थकारी हो सकता है, जब यह अति सघन आबादी वाले क्षेत्रों में व्यवहार में लाया जा रहा हो, जहाँ मानव मल को फसलों, कुओं, खाद्य सामग्रियों और बच्चों के हाथों से दूर रखना असंभव होता है। भौम जल (ग्राउन्डवाटर) भी खुले में किए गए मलत्याग से संदूषित हो जाता है। आहार में गए अनेक रोगाणु और कृमियाँ बीमारियाँ फैलाते हैं। वे शरीर को कैलोरियों और पोषक-तत्त्वों का अवशोषण करने लायक नहीं रहने देते। भारत के लगभग आधे बच्चे कुपोषित बने रहते हैं। उनमें से लाखों, उन रोग-दशाओं से मर जाते हैं जिनसे बचाव सम्भव था। अतिसार (डायरिया) के कारण भारतीयों के शरीर औसत रूप से उन लोगों से छोटे हैं जो अपेक्षाकृत गरीब देशों के हैं, जहाँ लोग खाने में अपेक्षाकृत कम कैलोरियाँ लेते हैं। न्यून-भार (अंडरवेट) माताएँ ऐसे अविकसित (स्टंटेड) बच्चे पैदा करती हैं जो आसानी से बीमारी का शिकार हो सकते हैं और अपनी पूरी संज्ञानात्मक संभावनाओं (कोग्निटिव पोटेंशियल) को विकसित करने में असफल रह सकते हैं। जो रोगाणु पर्यावरण में निर्मुक्त हो जाते हैं वे न केवल अमीर और गरीब, बल्कि शौचालयों का प्रयोग करने वालों को भी, एकसमान हानि पहुँचाते हैं।

**43. Which among the following is the *most critical inference* that can be made from the above passage?**

(a) The Central and State governments in India do not have enough resources to afford a latrine for each household.
(b) Open defecation is the most important public health problem of India.
(c) Open defecation reduces the human capital of India's workforce.
(d) Open defecation is a public health problem in all developing countries.

**उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा, सबसे निर्णायक अनुमान (इनफेरेंस) निकाला जा सकता है?**

(a) भारत की केंद्रीय और राज्य सरकारों के पास इतने पर्याप्त संसाधन नहीं हैं कि प्रत्येक घर के लिए एक शौचालय सुलभ करा सकें।
(b) खुले में मलत्याग भारत की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण लोक स्वास्थ्य समस्या है।
(c) खुले में मलत्याग, भारत के कार्यबल (वर्क-फोर्स) की मानव-पूँजी (ह्यूमन कैपिटल) में ह्रास लाता है।
(d) खुले में मलत्याग सभी विकासशील देशों की लोक स्वास्थ्य समस्या है।

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**गद्यांश में कहा गया है कि खुले में मलत्याग अनर्थकारी हो सकता है, जब यह अति सघन आबादी वाले क्षेत्रों में व्यवहार में लाया जा रहा हो, जहाँ मानव मल को फसलों, कुओं, खाद्य सामग्रियों और बच्चों के हाथों से दूर रखना असंभव होता है। भौम जल भी खुले में किए गए मलत्याग से संदूषित हो जाता है। आहार में गए अनेक रोगाणु और कृमियाँ बीमारी फैलाते हैं और वे शरीर को कैलोरियों और पोषक तत्त्वों का अवशोषण करने लायक नहीं रहने देते। इस कारण भारत के लगभग आधे बच्चे कुपोषित बने रहते हैं। उपर्युक्त तथ्यों से प्रमाणित होता है कि परिच्छेद का सबसे निर्णायक अनुमान विकल्प (c) होगा।



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

## Passage-4

We generally talk about democracy but when it comes to any particular thing, we prefer a belonging to our caste or community or religion. So long as we have this kind of temptation, our democracy will remain a phoney kind of democracy. We must be in a position to respect a man as a man and to extend opportunities for development to those who deserve them and not to those who happen to belong to our community or race. This fact of favouritism has been responsible for much discontent and ill-will in our country.

## परिच्छेद-4

हम सामान्यतः लोकतंत्र की बात करते हैं पर जब किसी विषय-विशेष पर बात आती है, तो हम अपनी जाति या समुदाय या धर्म से सम्बन्ध रखना ज्यादा पसन्द करते हैं। जब तक हम इस तरह के प्रलोभन से ग्रस्त रहेंगे, हमारा लोकतंत्र एक बनावटी लोकतंत्र बना रहेगा। हमें इस स्थिति में होना चाहिए कि मनुष्य को मनुष्य की इज्जत मिले और विकास के अवसर उन तक पहुँचें जो उसके योग्य हैं न कि उन्हें जो अपने समुदाय या प्रजाति के हैं। हमारे देश में पक्षपात का यह तथ्य बहुत असंतोष और दुर्भावना के लिए उत्तरदायी रहा है।

**44. Which one of the following statements *best sums up* the above passage?**

(a) Our country has a lot of diversity with its many castes, communities and religions.

(b) True democracy could be established by providing equal opportunities to all.

(c) So far none of us have actually understood the meaning of democracy.

(d) It will never be possible for us to establish truly democratic governance in our country.

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, उपर्युक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम सारांश प्रस्तुत करता है?**

(a) हमारे देश में अनेक जातियों, समुदायों और धर्मों की अत्यधिक विविधता है।

(b) सच्चा लोकतंत्र सभी को समान अवसर देकर ही स्थापित किया जा सकता है।

(c) अब तक हममें से कोई भी वास्तव में लोकतंत्र का अर्थ समझ नहीं सका है।

(d) हमारे लिए कभी सम्भव नहीं होगा कि हम अपने देश में सच्चा लोकतांत्रिक शासन स्थापित कर सकें।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**सच्चा लोकतंत्र सभी को समान अवसर देकर ही स्थापित किया जा सकता है। यही कथन परिच्छेद का सर्वोत्तम सारांश प्रस्तुत करता है।

## Passage-5

The existence/establishment of formal financial institutions that offer safe, reliable, and alternative financial instruments is fundamental in mobilising savings. To save, individuals need access to safe and reliable financial institutions, such as banks, and to appropriate financial instruments and reasonable financial incentives. Such access is not always available to all people in developing countries like India and more so, in rural areas. Savings help poor households manage volatility in cash flow, smoothen consumption, and build working capital. Poor households without access to a formal savings mechanism encourage immediate spending temptations.

## परिच्छेद-5

बचत संग्रहण हेतु, सुरक्षित, विश्वसनीय और वैकल्पिक वित्तीय साधन (फाइनेंशियल इन्स्ट्रूमेंट्स) प्रदान करने वाली औपचारिक वित्तीय संस्थाओं का होना/स्थापित किया जाना मूलभूत रूप से आवश्यक है। बचत करने के लिए, व्यक्तियों को बैंक जैसी सुरक्षित और विश्वसनीय वित्तीय संस्थाओं के सुलभ होने की, और उपयुक्त वित्तीय साधनों और पर्याप्त वित्तीय प्रोत्साहनों की आवश्यकता होती है। इस तरह की सुलभता भारत जैसे विकासशील देशों में, और उस पर भी ग्रामीण क्षेत्रों में, सभी लोगों को हमेशा उपलब्ध नहीं है। बचत से गरीब परिवारों को नकदी प्रवाह की अस्थिरता के प्रबंधन में मदद मिलती है, उपभोग में आसानी होती है, और कार्यशील पूँजी के निर्माण में मदद मिलती है। औपचारिक बचत तंत्र के सुलभ न होने से गरीब परिवारों में तुरन्त खर्च कर देने के प्रलोभनों को बढ़ावा मिलता है।

**45. With reference to the above passage, consider the following statements :**

1. Indian financial institutions do not offer any financial instruments to rural households to mobilise their savings.
2. Poor households tend to spend their earnings/savings due to lack of access to appropriate financial instruments.

**Which of the statements given above is/are correct?**

(a) 1 only (b) 2 only

(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारतीय वित्तीय संस्थाएँ ग्रामीण परिवारों को, अपनी बचत के संग्रहण के लिए कोई वित्तीय साधन उपलब्ध नहीं करातीं।
2. गरीब परिवार, उपयुक्त वित्तीय साधनों के सुलभ न होने के कारण अपनी आय/बचत को व्यय करने की ओर प्रवृत्त होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**उत्तर–**(b)

**व्याख्या–**यह दावा करना गलत है कि भारतीय वित्तीय संस्थाएं वित्तीय साधन संबंधी कोई मदद उपलब्ध नहीं कराती हैं। विकल्प (b) सही उत्तर होगा। इसकी पुष्टि परिच्छेद के अंत में दिए गए उद्धरणों से स्पष्ट होती है।

**46. What is the crucial message conveyed in the passage?**

(a) Establish more banks

(b) Increase the Gross Domestic Product (GDP) growth rate

(c) Increase the interest rate of bank deposits

(d) Promote financial inclusion

**इस परिच्छेद के द्वारा क्या महत्त्वपूर्ण संदेश दिया गया है?**

(a) अधिक बैंकों को स्थापित करना

(b) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की संवृद्धि दर को बढ़ाना

(c) बैंक जमा (डिपॉजिट) पर ब्याज दर को बढ़ाना

(d) वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना

**उत्तर–**(d)

**व्याख्या–**परिच्छेद को पढ़ने से स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि परिच्छेद का महत्त्वपूर्ण संदेश वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना है।



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

## Passage-6

Governments may have to take steps which would otherwise be an infringement on the Fundamental Rights of individuals, such as acquiring a person's land against his will, or refusing permission for putting up a building, but the larger public interest for which these are done must be authorized by the people (Parliament). Discretionary powers to the administration can be done away with. It is becoming more and more difficult to keep this power within limits as the government has many number of tasks to perform. Where discretion has to be used, there must be rules and safeguards to prevent misuse of that power. Systems have to be devised which minimise, if not prevent, the abuse of discretionary power. Government work must be conducted within a framework of recognised rules and principles, and decisions should be similar and predictable.

## परिच्छेद-6

सरकारों को ऐसे कदम उठाने पड़ सकते हैं जो अन्यथा व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों का अतिलंघन करते हैं, जैसे किसी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसकी भूमि का अधिग्रहण करना, या किसी भवन-निर्माण की अनुमति देने से इनकार करना, किन्तु जिस बृहत्तर लोकहित के लिए ऐसा किया जाता है, उसे जनता (संसद) द्वारा प्राधिकृत किया जाना आवश्यक है। प्रशासन के विवेकाधिकार को समाप्त किया जा सकता है। चूँकि, सरकार को अनेकों कार्य करने पड़ रहे हैं, इस अधिकार को सीमा में रखना निरन्तर कठिन होता जा रहा है। जहाँ विवेकाधिकार का प्रयोग करना होता है, वहाँ उस अधिकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए नियम एवं रक्षोपाय अवश्य होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था की युक्ति करनी होगी, जो विवेकाधिकारों के दुरुपयोग को, यदि रोक न सके, तो न्यूनतम ही कर सके। सरकारी कार्य मान्य नियमों और सिद्धान्तों के ढाँचे के अन्तर्गत ही किए जाने चाहिए तथा निर्णय समान रूप तथा पूर्वानुमेय (प्रिडिक्टेबल) होने चाहिए।

**47. Which among the following is the *most logical assumption* that can be made from the above passage?**

(a) Government should always be given wide discretionary power in all matters of administration.

(b) The supremacy of rules and safeguards should prevail as opposed to the influence of exclusive discretion of authority.

(c) Parliamentary democracy is possible only if the Government has wider discretionary power.

(d) None of the above statements is a logical assumption that can be made from this passage.

**उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सी, सर्वाधिक तार्किक धारणा बनाई जा सकती है?**

(a) सरकार को प्रशासन के सभी विषयों पर हमेशा विस्तृत विवेकाधिकार दिया जाना चाहिए।

(b) प्राधिकार के अनन्य विशेषाधिकार के प्रभावी होने की अपेक्षा, नियमों और रक्षोपायों की सर्वोच्चता अभिभावी होनी चाहिए।

(c) संसदीय लोकतंत्र तभी संभव है यदि सरकार को अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत विवेकाधिकार प्राप्त हों।

(d) उपर्युक्त में से कोई भी कथन ऐसी तार्किक धारणा नहीं है जो इस परिच्छेद से बनाई जा सके।

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**गद्यांश में लेखक किसी भी प्राधिकारी द्वारा शक्तियों की स्वेच्छाचारिता का विरोध करता है। इसलिए परिच्छेद से सर्वाधिक तार्किक धारणा यह बनाई जा सकती है कि प्राधिकार के अनन्य विशेषाधिकार के प्रभावी होने की अपेक्षा, नियमों और रक्षोपायों की सर्वोच्चता अभिभावी होनी चाहिए।

**48. A selection is to be made for one post of Principal and two posts of Vice-Principal. Amongst the six candidates called for the interview, only two are eligible for the post of Principal while they all are eligible for the post of Vice-Principal. The number of possible combinations of selectees is**

(a) 4 (b) 12
(c) 18 (d) None of the above

**प्रधानाचार्य के एक पद और उप-प्रधानाचार्य के दो पदों के लिए चयन होना है। साक्षात्कार के लिए बुलाए गए 6 उम्मीदवारों में से केवल दो उम्मीदवार प्रधानाचार्य के पद के लिए पात्र हैं जबकि उप-प्रधानाचार्य के पद के लिए वे सभी उम्मीदवार पात्र हैं। चुने जाने वाले उम्मीदवारों के सभी संभव संयोजनों की संख्या क्या है?**

(a) 4 (b) 12
(c) 18 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**सबसे पहले दो योग्य पात्रों में से प्रधानाचार्य को 2 तरीकों से चुना जा सकता है। तत्पश्चात् उप-प्रधानाचार्य को शेष 5 उम्मीदवारों में से $^5C_2$ प्रकार से चुना जा सकता है। अतः कुल प्रकारों की संख्या

$= 2 \times {}^5C_2 = 2 \times 10 = 20$

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**49. A student has to opt for 2 subjects out of 5 subjects for a course, namely, Commerce, Economics, Statistics, Mathematics I and Mathematics II. Mathematics II can be offered only if Mathematics I is also opted. The number of different combinations of two subjects which can be opted is**

**एक विद्यार्थी को एक पाठ्यक्रम के लिए 5 विषयों, नामतः वाणिज्य, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, गणित I और गणित II में से 2 विषयों को चुनना है। गणित II केवल तभी चुना जा सकता है जब गणित I भी चुना गया हो। दो विषयों के चुने जा सकने वाले संभव संयोजनों की संख्या क्या है?**

(a) 5 (b) 6 (c) 7 (d) 8

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**दो प्रकार की परिस्थितियों में,

(1) गणित II लेने पर,

(2) गणित II नहीं लेने पर

(1) में केवल एक प्रकार से गणित I तथा गणित II ले सकते हैं।

(2) में शेष 3 में से 2 को $^3C_2 = 6$ तरीके से चुन सकते हैं।

अतः कुल तरीके $= 1 + 6 = 7$

इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**50. A person ordered 5 pairs of black socks and some pairs of brown socks. The price of a black pair was thrice that of a brown pair. While preparing the bill, the bill clerk interchanged the number of black**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

and brown pairs by mistake which increased the bill by 100%. What was the number of pairs of brown socks in the original order?**

**एक व्यक्ति ने 5 जोड़े काले मोजे और कुछ जोड़े भूरे मोजे का आर्डर दिया। एक काले जोड़े की कीमत एक भूरे जोड़े की कीमत से तीन गुनी थी। बिल बनाते समय, बिल क्लर्क ने काले और भूरे जोड़ों की संख्या को गलती से आपस में बदल दिया। जिसके कारण बिल 100% बढ़ गया। मूल ऑर्डर में भूरे मोजे के जोड़ों की संख्या क्या थी?**

(a) 10 (b) 15 (c) 20 (d) 25

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**माना भूरे मोजों के जोड़ों की संख्या $x$ है।
माना भूरे मोजों के जोड़ों का मूल्य 1 रु. है।
अतः काले मोजों के जोड़ों का मूल्य = 3 रु
प्रारंभिक बिल $(5 \times 3 + x \times 1)$ रुपये होना चाहिए।
अदला-बदली के बाद बिल $= (x \times 3 + 5 \times 1)$
अब बिल 100% बढ़ गया है। अतः यह प्रारंभिक बिल का दोगुना हो गया है।
इसलिए,
$3x + 5 = 2(15 + x)$
$x = 30 - 5$
$x = 25$
इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।

**51. The number of persons who read magazine X only is thrice the number of persons who read magazine Y. The number of persons who read magazine Y only is thrice the number of persons who read magazine X. Then, which of the following conclusions can be drawn?**

1. The number of persons who read both the magazines is twice the number of persons who read only magazine X.
2. The total number of persons who read either one magazine or both the magazines is twice the number of persons who read both the magazines.

**Select the correct answer using the code given below :**

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**सिर्फ पत्रिका X पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या, पत्रिका Y पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या की तीन गुनी है। सिर्फ पत्रिका Y पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या, पत्रिका X पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या की तीन गुनी है। तब, निम्नलिखित में से कौन-सा/से निष्कर्ष निकाला/निकाले जा सकता/सकते है/हैं?**

1. दोनों पत्रिकाएँ पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या, सिर्फ पत्रिका X पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या की दुगुनी है।
2. उन व्यक्तियों की कुल संख्या जो या तो कोई एक पत्रिका पढ़ते हैं या दोनों पत्रिकाएँ पढ़ते हैं, दोनों पत्रिकाएँ पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या की दुगुनी है।


**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर–(*)**

**व्याख्या–** यह प्रश्न आयोग द्वारा हटा दिया गया है।


**52. The graph below depicts the earnings of A and B over the period 2000 to 2010 :**




**From the graph, which one of the following can be concluded?**

(a) On the average A earned more than B during this period.
(b) On the average B earned more than A during this period.
(c) The earnings of A and B were equal during this period.
(d) The earnings of A were less as compared to B during this period.

**नीचे दिए गए आलेख (ग्राफ) में A और B का वर्ष 2000-2010 अवधि का उपार्जन दिखाया गया है–**




**इस आलेख से, निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) इस अवधि के दौरान, औसत रूप से A ने B से अधिक उपार्जित किया।
(b) इस अवधि के दौरान, औसत रूप से B ने A से अधिक उपार्जित किया।
(c) इस अवधि के दौरान, A और B के उपार्जन समान थे।
(d) इस अवधि के दौरान, A का उपार्जन B के उपार्जन की तुलना में कम था।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**प्रश्न में दिए गए ग्राफ से ज्ञात होता है कि वर्ष 2000 से वर्ष 2007 तक A का उपार्जन, B के उपार्जन से अधिक तथा वर्ष 2007 से 2010 तक B का उपार्जन A के उपार्जन से भी अधिक है। इसलिए A का सकल उपार्जन दी गई अवधि के लिए, B से अधिक है। इसलिए A का औसत भी उस अवधि के लिए B से अधिक है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**53. Two pipes A and B can independently fill a tank completely in 20 and 30 minutes respectively. If both the pipes are opened simultaneously, how much time will they take to fill the tank completely?**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(a) 10 minutes (b) 12 minutes
(c) 15 minutes (d) 25 minutes

**दो नल A और B किसी टंकी को अलग-अलग क्रमशः 20 और 30 मिनट में पूरा भर सकते हैं। यदि दोनों नल एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टंकी को पूरी तरह भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?**

(a) 10 मिनट (b) 12 मिनट
(c) 15 मिनट (d) 25 मिनट

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या–**माना टैंक की क्षमता = (20, 30 का लघुत्तम समापवर्तक = 60 लीटर

A, $\frac{60}{20}$ = 3 लीटर/मिनट की दर से भरता है

तथा B, = 2 लीटर/मिनट की दर से भरता है।

साथ-साथ खोल देने पर, दोनों A तथा B, (3 + 2) = 5 लीटर/मिनट की दर से भर सकता है। अतः लिया गया समय = $\frac{60}{5}$ = 12 मिनट

इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**54. Each of the six different faces of a cube has been coated with a different colour i.e. V, I, B, G, Y and O. Following information is given :**

1. Colours Y, O and B are on adjacent faces.
2. Colours I, G and Y are on adjacent faces.
3. Colours B, G and Y are on adjacent faces.
4. Colours O, V and B are on adjacent faces.

**Which is the colour of the face opposite to the face coloured with O?**

(a) B (b) V
(c) G (d) I

**एक घन के छः विभिन्न फलकों में से प्रत्येक को भिन्न रंग, अर्थात् V, I, B, G, Y और O से रँगा गया है। निम्नलिखित सूचना दी गई है–**


1. रंग Y, O और B संलग्न फलकों पर हैं।
2. रंग I, G और Y संलग्न फलकों पर हैं।
3. रंग B, G और Y संलग्न फलकों पर हैं।
4. रंग O, V और B संलग्न फलकों पर हैं।

**रंग O से रँगे फलक के प्रतिमुख फलक पर कौन-सा रंग है?**

(a) B (b) V
(c) G (d) I

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**




एक घन में 4 आसन्न फलक और 2 विपरीत फलक होते हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर बने चित्रानुसार ज्ञात होता है कि O से रंगे फलक के प्रतिमुख फलक पर G रंग होगा क्योंकि I, O के विपरीत नहीं हो सकता।

**55. Consider the following statements followed by two conclusions :**

**Statements** : Some men are great.
Some men are wise.

**Conclusion I** : Men are either great or wise.

**Conclusion II** : Some men are neither great nor wise.

**Which one of the following is correct?**

(a) Only conclusion I is valid
(b) Only conclusion II is valid
(c) Both the conclusions are valid
(d) Neither of the conclusions is valid

**नीचे दिए गए कथनों और उनके नीचे दिए गए दो निष्कर्षों पर विचार कीजिए–**

**कथन** : कुछ व्यक्ति महान् होते हैं।
कुछ व्यक्ति बुद्धिमान होते हैं।

**निष्कर्ष I** : व्यक्ति या तो महान् होते हैं या बुद्धिमान।


**निष्कर्ष II** : कुछ व्यक्ति न तो महान् होते हैं, न ही बुद्धिमान।

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) केवल निष्कर्ष I वैध है
(b) केवल निष्कर्ष II वैध है
(c) दोनों निष्कर्ष वैध हैं
(d) दोनों में से कोई भी निष्कर्ष वैध नहीं है

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–** बुद्धिमान व्यक्ति महान




(i) व्यक्ति या तो महान होते हैं या बुद्धिमान। यह संभव है, लेकिन निश्चित नहीं है। अतः यह गलत है।

(ii) कुछ व्यक्ति न तो महान होते है, न ही बुद्धिमान - यह संभव है, लेकिन निश्चित नहीं है। इसलिए यह गलत है।

इसप्रकार न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II वैध हैं।

**56. Consider the following statements :**

1. Some claim to have seen UFOs (Unidentified Flying Objects).
2. Life on other heavenly bodies is considered to be a possibility.
3. Voyage to space is now an established fact.

**From the above statements, it may be concluded that**

(a) UFOs are heavenly bodies
(b) UFOs are sent from other heavenly bodies
(c) Some living species in other heavenly bodies are more intelligent than man
(d) Nothing definite can be said about the UFOs

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. कुछ लोग UFOs (अनभिज्ञात उड़न तस्तरियों) को देखे होने का दावा करते हैं।
2. दूसरे खगोलीय पिण्डों पर जीवन की संभावना मानी जाती है।
3. अंतरिक्ष यात्रा अब तक स्थापित तथ्य है।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**उपर्युक्त कथनों से, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि**

(a) UFO खगोलीय पिण्ड हैं

(b) UFO अन्य खगोलीय पिण्डों से भेजे जाते हैं

(c) अन्य खगोलीय पिण्डों में रहने वाली कुछ स्पीशीज मनुष्य से अधिक बुद्धिमान हैं

(d) UFO के बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**प्रश्नानुसार, UFO खगोलीय पिंडों और अंतरिक्ष यात्रा के बीच सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही उत्तर है।

**57. If ABC × DEED = ABCABC; where A, B, C, D and E are different digits, what are the values of D and E?**

(a) D = 2, E = 0

(b) D = 0, E = 1

(c) D = 1, E = 0

(d) D = 1, E = 2

**यदि ABC × DEED = ABCABC; जहाँ A, B, C, D और E भिन्न अंक हैं, तो D और E के माने क्या हैं?**


(a) D = 2, E = 0 (b) D = 0, E = 1

(c) D = 1, E = 0 (d) D = 1, E = 2

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**ABC ABC एक छः अंकों की संख्या है। जब इसे ABC के द्वारा भाग दिया जाता है तो इसे ABC × (1001) के रूप में लिख सकते हैं। अतः DEED, 1001 है। इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**58. Year-wise variation of the price of a certain commodity is shown in the following graph :**




**The price of the commodity in the year 1990**


(a) must have been ₹ 10/-

(b) must have been ₹ 12/-

(c) must have been anywhere between ₹ 10/- and ₹ 20/-

(d) is higher than that in the year 1991

**नीचे दिए गए आलेख (ग्राफ) में किसी विशेष वस्तु की कीमत का वर्ष-वार विचरण ( वैरिएशन ) दिखाया गया है :**




**वर्ष 1990 में वस्तु की कीमत**

(a) अवश्य ₹ 10/- रही होगी

(b) अवश्य ₹ 12/- रही होगी

(c) अवश्य ₹ 10/- और ₹ 20/- के बीच कहीं भी रही होगी

(d) उसकी वर्ष 1991 की कीमत से अधिक है

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**ग्राफ को देखने पर स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि 1990 में कीमत 10 रु. से 20 रु. के बीच में होनी चाहिए। इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।

**59. The proportion of expenditure on various items by two families A and B are represented in the following Bar Charts :**

| Family A | Family B |
|---|---|
| 50% Food | 10% Food |
| 30% Other items | 60% Other items |
| 20% Education | 30% Education |

**Family A**
Total expenditure :
₹ 20,000 per month

**Family B**
Total expenditure :
₹ 1,00,000 per month

**From these charts, we can conclude that**

(a) Family A spent more money on food than Family B.

(b) Family B spent more money on food than Family A.

(c) Family A and Family B spent the same amount on food.

(d) The expenditure on food by Family A and Family B cannot be compared.

**दो परिवारों, A और B, द्वारा विभिन्न मदों पर किए गए खर्च का अनुपात निम्नलिखित दंड-संचित्रों ( बार चार्ट्स ) में निरूपित किया गया है—**

| परिवार A | परिवार B |
|---|---|
| 50% खाद्य पदार्थ | 10% खाद्य पदार्थ |
| 30% अन्य मदें | 60% अन्य मदें |
| 20% शिक्षा | 30% शिक्षा |

**परिवार A**
कुल खर्च :
₹ 20,000 प्रति माह

**परिवार B**
कुल खर्च :
₹ 1,00,000 प्रति माह



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**इन संचित्रों से, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि**

(a) परिवार A ने खाद्य पदार्थ पर परिवार B की अपेक्षा अधिक खर्च किया।
(b) परिवार B ने खाद्य पदार्थ पर परिवार A की अपेक्षा अधिक खर्च किया।
(c) परिवार A और परिवार B ने खाद्य पदार्थ पर समान राशि खर्च की।
(d) परिवार A और परिवार B द्वारा खाद्य पदार्थ पर किए गए खर्च की तुलना नहीं की जा सकती।

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**A द्वारा भोजन पर किया गया खर्च
= 20,000 का 50% = 10,000
B द्वारा भोजन पर किया गया खर्च
= 1,00,000 का 10%
= 10,000
इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।

**60. Usha runs faster than Kamala, Priti runs slower than Swati, Swati runs slower than Kamala. Who is the slowest runner?**
**ऊषा, कमला से तेज दौड़ती है; प्रीति, स्वाति से धीमे दौड़ती है; स्वाति, कमला से धीमे दौड़ती है। सबसे धीमे कौन दौड़ती है?**

(a) Kamala/कमला (b) Priti/प्रीति
(c) Swati/स्वाति (d) Usha/ऊषा

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**ऊषा > कमला, स्वाति > प्रीति तथा कमला > स्वाति
इसलिए क्रम होगा—
ऊषा > कमला > स्वाति > प्रीति
इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।

**Directions for the following 7 (seven) items :**

**Read the following four passages and answer the items that follow. Your answers to these items should be based on the passages only.**

**निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित चार परिच्छेदों को पढ़िए और उनके नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।**

## Passage-1

India has suffered from persistent high inflation. Increase in administered prices, demand and supply imbalances, imported inflation aggravated by rupee depreciation, and speculation—have combined to keep high inflation going. If there is an element common to all of them, it is that many of them are the outcomes of economic reforms. India's vulnerability to the effects of changes in international prices has increased with trade liberalisation. The effort to reduce subsidies has resulted in a continuous increase in the prices of commodities that are administered.

## परिच्छेद-1

भारत सतत उच्च मुद्रास्फीति से ग्रस्त रहा है। निर्देशित कीमतों में वृद्धि, माँग और पूर्ति में असंतुलन, रुपए के अवमूल्यन से बदतर हुई आयातित मुद्रास्फीति, और सट्टेबाजी—इन सबने मिलकर उच्च मुद्रास्फीति को बनाए रखा है। यदि इन सभी में कोई एक समान तत्त्व है, तो वह यह है कि इनमें से कई आर्थिक सुधारों के परिणाम हैं। अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में बदलाव के प्रभावों के प्रति भारत की सुभेद्यता (वल्नरेबिलिटी) व्यापार उदारीकरण के साथ-साथ और बढ़ी है। उपदानों को कम करने के प्रयासों के कारण उन वस्तुओं की कीमतों में निरन्तर वृद्धि हुई है जो निर्देशित हैं।

**61. What is the *most logical, rational and crucial message* that is implied in the above passage?**

(a) Under the present circumstances, India should completely avoid all trade liberalisation policies and all subsidies.
(b) Due to its peculiar socio-economic situation, India is not yet ready for trade liberalisation process.
(c) There is no solution in sight for the problems of continuing poverty and inflation in India in the near future.
(d) Economic reforms can often create a high inflation economy.

**उपर्युक्त परिच्छेद में अन्तर्निहित *सर्वाधिक तार्किक, तर्कसंगत और महत्त्वपूर्ण संदेश* क्या है?**

(a) मौजूदा परिस्थितियों में, भारत को पूरी तरह से व्यापार उदारीकरण की नीतियों एवं सभी उपदानों से बचना चाहिए।
(b) अपनी विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण, भारत अभी व्यापारिक उदारीकरण की प्रक्रिया के लिए तैयार नहीं है।
(c) निकट भविष्य में भारत में सतत निर्धनता एवं मुद्रास्फीति की समस्याओं का कोई समाधान नहीं दिखता।
(d) आर्थिक सुधार प्रायः उच्च मुद्रास्फीति वाली अर्थव्यवस्था उत्पन्न कर सकते हैं।

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**गद्यांश में स्पष्ट रूप उल्लिखित है कि व्यापार के उदारीकरण तथा आर्थिक सुधार में वृद्धि के कारण भारत सतत् उच्च मुद्रास्फीति से ग्रस्त रहा है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

## Passage-2

No Right is absolute, exclusive or inviolable. The Right of personal property, similarly, has to be perceived in the larger context of its assumed legitimacy. The Right of personal property should unite the principle of liberty with that of equality, and both with the principle of cooperation.

## परिच्छेद-2

कोई भी अधिकार परम, अनन्य और अनुल्लंघनीय नहीं है। इसी तरह, व्यक्तिगत सम्पत्ति के अधिकार को उसकी कल्पित वैधता के बृहत्तर सन्दर्भ में देखा जाना चाहिए। व्यक्तिगत सम्पत्ति के अधिकार में, स्वतंत्रता के सिद्धान्त का समता के सिद्धान्त के साथ और इन दोनों का सहयोग के सिद्धान्त के साथ समन्वय होना चाहिए।

**62. In the light of the argument in the above passage, which one of the following statements is the *most convincing explanation*?**

(a) The Right of personal property is a Natural Right duly supported by statutes and scriptures.


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(b) Personal property is a theft and an instrument of exploitation. The Right of personal property is therefore violative of economic justice.
(c) The Right of personal property is violative of distributive justice and negates the principle of cooperation.
(d) The comprehensive idea of economic justice demands that the Right of each person to acquisition of property has to be reconciled with that of others.

**उपर्युक्त परिच्छेद में दिए गए तर्क के आलोक में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन *सबसे अधिक विश्वासप्रद स्पष्टीकरण* है?**
(a) व्यक्तिगत सम्पत्ति का अधिकार, संविधियों और धर्मग्रन्थों द्वारा विधिवत समर्थित, एक नैसर्गिक अधिकार है।
(b) व्यक्तिगत सम्पत्ति एक चोरी है तथा शोषण का उपकरण है। अतः व्यक्तिगत सम्पत्ति का अधिकार आर्थिक न्याय का उल्लंघन है।
(c) व्यक्तिगत सम्पत्ति का अधिकार वितरक न्याय का उल्लंघन है तथा सहयोग के सिद्धान्त को नकारता है।
(d) आर्थिक न्याय का व्यापक विचार इस बात की माँग करता है कि प्रत्येक व्यक्ति के सम्पत्ति अर्जन के अधिकार को, दूसरों के सम्पत्ति अर्जन के अधिकार के साथ सामंजस्यपूर्ण होना चाहिए।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त परिच्छेद में दिए गए तर्कों के आलोक में सबसे अधिक विश्वसनीय स्पष्टीकरण यह है कि–आर्थिक न्याय का व्यापक विचार इस बात की माँग करता है कि प्रत्येक व्यक्ति के सम्पत्ति अर्जन के अधिकार को, दूसरों के सम्पत्ति अर्जन के अधिकार के साथ सामंजस्यपूर्ण होना चाहिए।

## Passage-3

The conflict between man and State is as old as State history. Although attempts have been made for centuries to bring about a proper adjustment between the competing claims of State and the individual, the solution seems to be still far off. This is primarily because of the dynamic nature of human society where old values and ideas constantly yield place to new ones. It is obvious that if individuals are allowed to have absolute freedom of speech and action, the result would be chaos, ruin and anarchy.

## परिच्छेद-3

मानव एवं राज्य के मध्य संघर्ष उतना ही पुराना है जितना कि राज्य का इतिहास। यद्यपि सदियों से राज्य एवं व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी दावों के बीच तालमेल बनाने के प्रयास हुए हैं, किन्तु समाधान अभी भी दूर प्रतीत होता है। यह मुख्यतः इसलिए है क्योंकि मानव समाज की प्रकृति गतिशील है जिसमें पुराने मूल्यों और विचारों ने निरन्तर नए मूल्यों और विचारों को स्थान दिया है। यह स्पष्ट है कि यदि व्यक्तियों को बोलने और कार्य करने की निरपेक्ष स्वतन्त्रता दे दी गई, तो उसका परिणाम अव्यवस्था, विनाश एवं अराजकता में हो सकता है।

**63. The author's viewpoint can be *best summed* up in which of the following statements?**
(a) The conflict between the claims of State and individual remains unresolved.
(b) Anarchy and chaos are the obvious results of democratic traditions.
(c) Old values, ideas and traditions persist despite the dynamic nature of human society.
(d) Constitutional guarantee of freedom of speech is not in the interest of society.

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, लेखक के दृष्टिकोण का *सर्वोत्तम सारांश* प्रस्तुत करता है?**
(a) राज्य और व्यक्ति के दावों के बीच संघर्ष अनसुलझा बना रहता है।
(b) अराजकता और अर्थव्यवस्था लोकतांत्रिक परम्पराओं के स्वाभाविक परिणाम हैं।
(c) मानव समाज की गतिशील प्रकृति के बावजूद प्राचीन मूल्य, विचार और परम्पराएँ बनी रहती हैं।
(d) वाक् स्वातंत्र्य (फ्रीडम ऑफ स्पीच) की संवैधानिक गारंटी समाज के हित में नहीं है।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**गद्यांश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, ''मानव एवं राज्य के मध्य संघर्ष उतना ही पुराना है जितना कि राज्य का इतिहास। यद्यपि सदियों से राज्य एवं व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी दावों के बीच तालमेल बनाने के प्रयास हुए हैं, किन्तु समाधान अभी भी दूर प्रतीत होता है।'' इस आधार पर लेखक के दृष्टिकोण का सर्वोत्तम सारांश विकल्प (a) प्रस्तुत करता है।

## Passage-4

Climate change is a complex policy issue with major implications in terms of finance. All actions to address climate change ultimately involve costs. Funding is vital for countries like India to design and implement adaptation and mitigation plans and projects. Lack of funding is a large impediment to implementing adaptation plans. The scale and magnitude of the financial support required by developing countries to enhance their domestic mitigation and adaptation actions are a matter of intense debate in the multilateral negotiations under the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC). The Convention squarely puts the responsibility for provision of financial support on the developed countries, taking into account their contribution to the stock of greenhouse gases (GHGs) in the atmosphere. Given the magnitude of the task and the funds required, domestic finances are likely to fall short of the current and projected needs of the developing countries. Global funding through the multilateral mechanism of the Convention will enhance their domestic capacity to finance the mitigation efforts.

## परिच्छेद-4

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा जटिल नीतिगत मुद्दा है जो वित्त पर व्यापक प्रभाव डालता है। जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले हर प्रयास में अन्ततः लागत शामिल है। भारत जैसे देशों के लिए, अनुकूलन (अडैप्टेशन) तथा न्यूनीकरण (मिटिगेशन) की योजनाओं और परियोजनाओं के अभिकल्पन और कार्यान्वयन के लिए निधीयन (फंडिंग) अत्यावश्यक है। निधि का अभाव अनुकूलन योजनाओं के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज) (UNFCCC) के अन्तर्गत बहुस्तरीय वार्ताओं में, विकासशील देशों द्वारा उनके घरेलू न्यूनीकरण तथा अनुकूलन कार्यों के संवर्धन के लिए अपेक्षित वित्तीय सहायता का पैमाना तथा परिमाण सघन चर्चा के विषय हैं। यह सम्मेलन विकसित देशों पर, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों (GHGs) के जमाव में उनके योगदान के आधार पर, वित्तीय


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

सहायता का प्रावधान करने की समान रूप से जिम्मेदारी डालता है। इस कार्य की मात्रा तथा उसके लिए निधियों की आवश्यकता को देखते हुए, विकासशील देशों की मौजूदा तथा अनुमानित (प्रोजेक्टेड) आवश्यकताओं के लिए जरूरी घरेलू वित्तीय संसाधन कम पड़ने की संभावना है। इस सम्मेलन (कन्वेंशन) की बहुपक्षीय क्रियाविधि के माध्यम से किया गया वैश्विक निधीयन, न्यूनीकरण प्रयासों के वित्तपोषण के लिए उनकी घरेलू क्षमता की वृद्धि करेगा।

**64. According to the passage, which of the following is/are a matter of intense debate in the multilateral negotiations under UNFCCC regarding the role of developing countries in climate change?**

1. The scale and size of required financial support.
2. The crop loss due to climate change in the developing countries.
3. To enhance the mitigation and adaptation actions in the developing countries.

**Select the correct answer using the code given below:**

(a) 1 only (b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only (d) 1, 2 and 3

**इस परिच्छेद के अनुसार, जलवायु परिवर्तन में विकासशील देशों की भूमिका के संदर्भ में UNFCCC के अन्तर्गत बहुपक्षीय वार्ताओं में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से, गहन चर्चा का/के विषय है/हैं?**

1. अपेक्षित वित्तीय सहायता का पैमाना तथा परिमाण।
2. विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली उपज की हानि।
3. विकासशील देशों में न्यूनीकरण तथा अनुकूलन कार्यों का संवर्धन करना।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**परिच्छेद को पढ़ने से ज्ञात होता है कि जलवायु परिवर्तन में विकासशील देशों द्वारा उनके घरेलू न्यूनीकरण तथा अनुकूलन कार्यों के संवर्धन के लिए अपेक्षित वित्तीय सहायता का पैमाना तथा परिमाण सघन अथवा गंभीर चर्चा के विषय है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**65. In this passage, the Convention puts the responsibility for the Provision of financial support on the developed countries because of**

1. their higher level of per capita incomes.
2. their large quantum of GDP.
3. their large contribution to the stock of GHGs in the atmosphere.

**Select the correct answer using the code given below :**

(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 3 only (d) 1, 2 and 3

**इस परिच्छेद में, यह सम्मेलन विकसित देशों पर वित्तीय सहायता का प्रावधान करने की जिम्मेदारी किस कारण डालता है?**

1. उनका प्रति व्यक्ति आय का उच्चतर स्तर।
2. उनकी GDP की अधिक मात्रा।
3. वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों (GHGs) के जमाव में उनका बृहत् योगदान।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**गद्यांश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ``UNFCCC सम्मेलन विकसित देशों पर वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों के जमाव में उनके योगदान के आधार पर, वित्तीय सहायता का प्रावधान करने की समान रूप से जिम्मेदारी डालता है।'' अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

व्यापार की क्षमता पर प्रभाव पड़ना संभावित है।

**66. With regards to developing countries, it can be inferred from the passage that climate change is likely to have implications on their**

1. domestic finances.
2. capacity for multilateral trade.

**Select the correct answer using the code given below :**

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**विकासशील देशों के सम्बन्ध में, परिच्छेद से यह अनुमान निकाला जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन से उनके**

1. घरेलू वित्त पर प्रभाव पड़ना संभावित है।
2. बहुपक्षीय व्यापार की क्षमता पर प्रभाव पड़ना संभावित है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**विकासशील देशों के संबंध में, परिच्छेद से यह अनुमान निकाला जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन से उनके घरेलू वित्त पर प्रभाव पड़ना संभावित है।

**67. Which one of the following is essentially discussed in this passage?**

(a) Conflict between developed and developing countries regarding support for mitigation
(b) Occurrence of climate change due to excessive exploitation of natural resources by the developed countries
(c) Lack of political will on the part of all the countries to implement adaptation plans
(d) Governance problems of developing countries as a result of climate change

**इस परिच्छेद में, निम्नलिखित में से किस एक पर अनिवार्यतः विचार-विमर्श किया गया है?**

(a) न्यूनीकरण हेतु सहायता देने के बारे में, विकसित और विकासशील देशों के बीच द्वन्द्व
(b) विकसित देशों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अतिशय दोहन के कारण जलवायु परिवर्तन का होना।
(c) अनुकूलन योजनाओं को कार्यान्वित करने में सभी देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति में कमी
(d) जलवायु परिवर्तन के परिणाम के कारण, विकासशील देशों की शासन समस्याएँ

**उत्तर–(a)**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**व्याख्या**—इस परिच्छेद में स्पष्ट तौर पर न्यूनीकरण हेतु सहायता देने के बारे में विकसित और विकासशील देशों के बीच द्वन्द्व पर अनिवार्यतः विचार विमर्श किया गया है।

**68. Between 6 PM and 7 PM the minute hand of a clock will be ahead of the hour hand by 3 minutes at**
**अपराह्न 6 बजे से 7 बजे के बीच किस समय, किसी घड़ी की मिनट की सुई घंटे की सुई से 3 मिनट आगे होगी?**

(a) 6:15 PM/अपराह्न 6:15 (b) 6:18 PM/अपराह्न 6:18
(c) 6:36 PM/अपराह्न 6:36 (d) 6:48 PM/अपराह्न 6:48

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या**—अपराह्न 6 से 7 बजे के बीच 6:36 पर किसी घड़ी की मिनट की सुई घंटे की सुई से 3 मिनट आगे होगी।

**69. There are 5 tasks and 5 persons. Task-1 cannot be assigned to either person-1 or person-2. Task-2 must be assigned to either person-3 or person-4. Every person is to be assigned one task. In how many ways can the assignment be done?**
**5 कार्य हैं और 5 व्यक्ति हैं। कार्य-1 या तो व्यक्ति-1 को अथवा व्यक्ति-2 को नहीं दिया जा सकता। कार्य-2, या तो व्यक्ति-3 को अथवा व्यक्ति-4 को ही दिया जाना चाहिए। हर व्यक्ति को एक कार्य दिया जाना है। कार्य कितने तरीकों से दिया जा सकता है?**

(a) 6 (b) 12
(c) 24 (d) 144

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या**—कार्य-2 को दो प्रकार से दिया जा सकता है (व्यक्ति 3 या व्यक्ति 4)।
कार्य 1, व्यक्ति 1 या व्यक्ति 2 को नहीं दिया जा सकता है
तथा व्यक्ति 3 और व्यक्ति 4 में से एक कार्य 2 में लगा है।
अतः कार्य 1 के लिए केवल 2 व्यक्ति हैं। इसलिए कार्य-2, दो प्रकार से किया जा सकता है।
अतः शेष 3 कार्य 3! तरह से किये जा सकते हैं।
अतः कार्य दिए जाने के कुल तरीके $= 2 \times 2 \times 3! = 24$ है।

**70. The monthly incomes of Peter and Paul are in the ratio of 4 : 3. Their expenses are in the ratio of 3 : 2. If each saves ₹ 6,000 at the end of the month, their monthly incomes respectively are (in ₹)**
**पीटर और पॉल की मासिक आय 4 : 3 के अनुपात में हैं। उनके व्यय 3 : 2 के अनुपात में हैं। यदि मास के अंत में प्रत्येक व्यक्ति ₹ 6,000 की बचत करता है, तो उनकी मासिक आय ( ₹ में ) क्रमशः क्या है?**

(a) 24,000 and 18,000 / 24,000 और 18,000
(b) 28,000 और 21,000 / 28,000 and 21,000
(c) 32,000 और 24,000 / 32,000 and 24,000
(d) 34,000 और 26,000 / 34,000 and 26,000

**उत्तर—(a)**

**व्याख्या**—माना पॉल तथा पीटर की मासिक आय क्रमशः $3x$ तथा $4x$ एवं व्यय 2y तथा 3y है।
$4x - 3y = 6000$ तथा $3x - 2y = 6000$
या $4x - 3y = 3x - 2y$ या $x = y$
अतः $4x - 3x = 6000$
$x = 6000$
अतः पीटर और पॉल की मासिक आय क्रमशः $4 \times 6000 = 24000$ तथा $3 \times 6000 = 18000$ है।
अतः सही विकल्प (a) होगा।

**71. Two cities A and B are 360 km apart. A car goes from A to B with a speed of 40 km/hr and returns to A with a speed of 60 km/hr. What is the average speed of the car?**
**दो शहर, A और B, एक-दूसरे से 360 km की दूरी पर हैं। एक कार A से B तक 40 km/hr की चाल से जाती है और 60 km/hr की चाल से A तक लौट आती है। कार की औसत चाल क्या है?**

(a) 45 km/hr (b) 48 km/hr
(c) 50 km/hr (d) 55 km/hr

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या**—चूँकि तय की गई दूरी समान है, इसलिए औसत चाल
$= \frac{2S_1S_2}{S_1 + S_2}$
$= \frac{2 \times 40 \times 60}{40 + 60} = 48$ किमी/घंटा

**Directions for the following 2 (two) items :**

**Read the following passage and answer the 2 (two) items that follow :**

**निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे आने वाले 2 ( दो ) प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए :**

**A, B, C, D, E and F are cousins. No two cousins are of the same age, but all have birthdays on the same day of the same month. The youngest is 17 years old and the oldest E is 22 years old. F is somewhere between B and D is age. A is older than B. C is older than D.A. is one year older than C.**

**A, B, C, D, E और F चचेरे भाई हैं। कोई भी दो चचेरे भाई एक ही उम्र के नहीं हैं, किन्तु सभी का जन्मदिन एक ही माह की एक ही तारीख को पड़ता है। सबसे छोटा 17 वर्ष का है और सबसे बड़ा E, 22 वर्ष का है। F उम्र में कहीं B और D के बीच में है। A, B से उम्र में बड़ा है। C, D से उम्र में बड़ा है। A, C से एक वर्ष बड़ा है।**

**72. Which one of the following is possible?**

(a) D is 20 years old (b) F is 18 years old
(c) F is 19 years old (d) F is 20 years old

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक संभव है?**

(a) D, 20 वर्ष का है (b) F, 18 वर्ष का है
(c) F, 19 वर्ष का है (d) F, 20 वर्ष का है

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या**—

| E | A | C | D | F | B |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 21 | 20 | 19 | 18 | 17 |

अथवा

| E | A | C | B | F | D |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 21 | 20 | 19 | 18 | 17 |

अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**73. What is the number of logically possible orders of all six cousins in terms of increasing age?**
**सभी छः चचेरे भाइयों को, बढ़ती हुई उम्र के आधार पर, तर्कसंगत रूप से कितने अनुक्रमों में रखना संभव है?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर—(b)**

**व्याख्या—**सभी छः चचेरे भाईयों को, बढ़ती हुई उम्र के आधार पर, तर्कसंगत रूप से 2 अनुक्रमों में रखना संभव है जो कि ऊपर व्याख्या में दिखाया है।

**74. In a society it is customary for friends of the same sex to hug and for friends of opposite sex to shake hands when they meet. A group of friends met in a party and there were 24 handshakes.**
**Which one among the following numbers indicates the possible number of hugs?**

(a) 39 (b) 30
(c) 21 (d) 20

**किसी समाज में यह रिवाज है कि एक ही लिंग के मित्र मिलते समय एक-दूसरे के गले लग कर मिलते हैं, और विपरीत लिंग के मित्र मिलते समय एक-दूसरे से हाथ मिलाकर मिलते हैं। एक पार्टी में मित्रों के एक समूह के मिलने पर 24 बार हाथ मिलाए गए।**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक संख्या, गले लगने की संभावित संख्या इंगित करती है?**

(a) 39 (b) 30
(c) 21 (d) 20

**उत्तर—(c)**

**व्याख्या—**माना पुरुषों तथा स्त्रियों की संख्या m तथा f है।
$m \times f = 24$
(1) $24 \times 1$
(2) $12 \times 2$
(3) $4 \times 6$
पहली स्थिति में गले मिलने की संख्या = $^{24}C_2 = 273$
दूसरी स्थिति में गले मिलने की संख्या = $^{12}C_2 + {}^{2}C_2 = 67$
तीसरी स्थिति में गले मिलने की संख्या= $^{4}C_2 + {}^{6}C_2 = 6+15 = 21$
तीनों मानों में से केवल एक मान दिया है अतः उत्तर 21 होगा।

**75. Two men, Anil and David, and two women, Shabnam and Rekha are in a sales group. Only two speak Tamil. The other two speak Marathi. Only one man and one woman can drive a car. Shabnam speaks Marathi. Anil speaks Tamil. Both Rekha and David can drive.**
**Which of the following statements is true?**

(a) Both the Tamil speakers can drive a car.
(b) Both the Marathi speakers can drive a car.
(c) Both of those who can drive a car speak Marathi.
(d) One of those who can drive a car speaks Tamil.

**दो पुरुष, अनिल और डेविड, और दो महिलाएँ, शबनम और रेखा, एक विक्रेता समूह में हैं। केवल दो तमिलभाषी हैं। अन्य दो मराठीभाषी हैं। इनमें से केवल एक पुरुष और एक महिला कार चला सकते हैं। शबनम मराठीभाषी है। अनिल तमिलभाषी है। रेखा और डेविड दोनों कार चला सकते हैं।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) दोनों तमिलभाषी कार चला सकते हैं।
(b) दोनों मराठीभाषी कार चला सकते हैं।
(c) दोनों कार चलाने वाले, मराठीभाषी हैं।
(d) कार चलाने वालों में से एक, तमिलभाषी है।

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**माना $\Delta$ पुरुष को तथा O महिला को प्रदर्शित करता है।

तमिल $\Delta$    $\Delta$ ड्राइवर
अनिल    डेविड
मराठी O    O ड्राइवर
शबनम    रेखा

अतः स्पष्ट है कि डेविड या रेखा में से एक तमिल भाषी है।

**76. In a plane, line X is perpendicular to line Y and parallel to line Z; line U is perpendicular to both lines V and W; line X is perpendicular to line V.**
**Which one of the following statements is correct?**


(a) Z, U and W are parallel.
(b) X, V and Y are parallel.
(c) Z, V and U are all perpendicular to W.
(d) Y, V and W are parallel.

**एक समतल में, रेखा X, रेखा Y के अनुलंब है और रेखा Z के समांतर है; रेखा U, रेखा V और रेखा W दोनों के अनुलंब है; रेखा X, रेखा V के अनुलंब है।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?**

(a) Z, U और W समांतर हैं।
(b) X, V और Y समांतर हैं।
(c) Z, V और U, सभी W के अनुलंब हैं।
(d) Y, V और W समांतर हैं।

**उत्तर—(d)**

**व्याख्या—**दिए गए निर्देशों से निम्न ग्राफ बनाया जा सकता है—




इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**77. A cow costs more than 4 goats but less than 5 goats. If a goat costs between ₹ 600 and ₹ 800, which of the following is a *most valid conclusion*?**

(a) A cow costs more than ₹ 2,500
(b) A cow costs less than ₹ 3,600
(c) A cow costs between ₹ 2,600 and ₹ 3,800
(d) A cow costs between ₹ 2,400 and ₹ 4,000

**एक गाय की कीमत 4 बकरियों की कीमत से अधिक है लेकिन 5 बकरियों की कीमत से कम है। यदि एक बकरी की कीमत ₹ 600 और ₹ 800 के बीच है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, *सर्वोत्तम वैध निष्कर्ष* है?**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(a) एक गाय की कीमत ₹ 2,500 से अधिक है।
(b) एक गाय की कीमत ₹ 3,600 से कम है।
(c) एक गाय की कीमत ₹ 2,600 और ₹ 3,800 के बीच है।
(d) एक गाय की कीमत ₹ 2,400 और ₹ 4,000 के बीच है।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–माना एक गाय का मूल्य A तथा एक बकरी का मूल्य B है।
$4B \le A \le 5B$ तथा $600 \le B \le 800$
इसलिए $2400 \le 4B \le 3200$
तथा $3000 \le 5B \le 4000$
अतः A अर्थात गाय की कीमत की रेंज $2400 \le A \le 4000$ होनी चाहिए अतः (d) सही विकल्प है।

**78. A society consists of only two types of people - fighters and cowards. Two cowards are always friends. A fighter and a coward are always enemies. Fighters are indifferent to one another. If A and B are enemies, C and D are friends, E and F are indifferent to each other, A and E are not enemies, while B and F are enemies.**
**Which of the following statements is correct?**
(a) B, C and F are cowards.
(b) A, E and F are fighters.
(c) B and E are in the same category.
(d) A and F are in different categories.

**एक समाज में केवल दो प्रकार के लोग होते हैं–योद्धा और कायर। दो कायर हमेशा दोस्त होते हैं। एक योद्धा और एक कायर हमेशा दुश्मन होते हैं। योद्धा एक-दूसरे से उदासीन रहते हैं। यदि A और B दुश्मन हैं, C और D दोस्त हैं, E और F एक-दूसरे से उदासीन रहते हैं, A और E दुश्मन नहीं हैं, जबकि B और F दुश्मन हैं।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) B, C और F कायर हैं।
(b) A, E और F योद्धा हैं।
(c) B और E एक ही कोटि में हैं।
(d) A और F भिन्न कोटियों में हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–

| योद्धा | कायर |
|---|---|
| A | B |
| F | C |
| E | D |

इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।

**79. In a box of marbles, there are three less white marbles than the red ones and five more white marbles than the green ones. If there are a total of 10 white marbles, how many marbles are there in the box?**
(a) 26 (b) 28 (c) 32 (d) 36

**एक बक्से में, जिसमें गोलियाँ हैं, लाल गोलियों से तीन कम सफेद गोलियाँ हैं और हरी गोलियों से पाँच अधिक सफेद गोलियाँ हैं। यदि कुल 10 सफेद गोलियाँ हैं, तो बक्से में कुल कितनी गोलियाँ हैं?**
(a) 26 (b) 28
(c) 32 (d) 36

**उत्तर–(b)**


**व्याख्या**–लाल = सफेद + 3 तथा हरी + 5 = सफेद
यदि सफेद = 10 इसलिए लाल = 10 + 3 = 13 तथा हरी = 10 – 5 = 5
अतः बक्से में कुल गोलियों की संख्या 10 + 13 + 5 = 28 होगी।

**80. Candidates in a competitive examination consisted of 60% men and 40% women. 70% men and 75% women cleared the qualifying test and entered the final test where 80% men and 70% women were successful.**
**Which of the following statements is correct?**
(a) Success rate is higher for women.
(b) Overall success rate is below 50%
(c) More men cleared the examination than women.
(d) Both (a) and (b) above are correct.

**किसी प्रतियोगी परीक्षा में 60% पुरुष और 40% महिला परीक्षार्थी थे। 70% पुरुष और 75% महिला प्रतियोगियों ने अर्हक परीक्षण में सफल होकर अंतिम परीक्षण में भाग लिया जिसमें 80% पुरुष और 70% महिलाएँ सफल रहीं।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) महिलाओं में सफलता दर उच्चतर है।
(b) समग्र सफलता दर 50% से नीचे है।
(c) महिलाओं की अपेक्षा पुरुष अधिक संख्या में सफल रहे।
(d) उपर्युक्त (a) और (b) दोनों सही हैं।

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–माना △ पुरुष को तथा O महिला को प्रदर्शित करता है।
यदि कुल परीक्षार्थी 100 हों तो,




पुरुषों की सफलता दर = $\frac{33.6}{60} \times 100 = 56\%$

महिलाओं की सफलता दर = $\frac{21}{40} \times 100 = 52.5\%$

कुल सफलता दर = $\frac{33.6 \quad 21}{100} \times 100 = 54.6\%$

अतः महिलाओं की अपेक्षा पुरुष अधिक संख्या में सफल रहे।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com